सूर्योदय 5:40 सूर्यास्त 7:10
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 31.4
न्यूनतम 24.2

वो तरक्की किस काम की ?
जो बुढ़ापे में माँ-बाप का
सहारा न बन सके।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21
मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-213 | मंगलवार 03 अगस्त, 2021 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-दशमी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

राहुल गांधी ने 14 विपक्षी दलों के नेताओं को चाय पे बुलाया है : नयी दिल्ली



शायद पीएम बनने का ख़्याल दिल में आया है......

# बेजुबान और लाचारों पर मर्दानगी दिखा रहे क्रूर

## ❏बेजुबान की इतनी की पिटाई कि हॉकी टूट गयी, मगर बेरहमों का दिल नहीं पसीजा







मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के खालापार ४० फुटा रोड का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ है। उक्त वीडियो की कॉपी जिला प्रशासन तक जा पहुंची है और प्रशासन पशु क्रूरता अधिनियम में वीडियो में आए लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी भी कर रहा है। उक्त वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। उक्त वीडियो को देखने वाले लोगों के रौंगटे खड़े हो गए और कुछ लोगों से पूरी वीडियो देखी भी न गयी। उक्त वीडियो में एक बेजुबान और लाचार कटिया (भैंस के बच्चे) को इतनी बुरी तरह से पीटा जा रहा है कि मारते-मारते हॉकी भी तोड़ दी गयी है। कभी कटिया के गले पर सैंकड़ों बार प्रहार करके उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया गया तो कभी उसके कान, कभी पैर तो कभी शरीर के अन्य हिस्सों पर लगातार वार किये जा रहे हैं और वार करने वाले बेजुबान पर ऐसे वार करते दिख रहे हैं जैसे कि मानवता दुनिया से बिल्कुल खत्म हो गयी हो। बड़ी बात है कि बेजुबान जानवर किसी पर कोई वार करता नहीं दिखाई पड़ रहा, बल्कि अपने बचाव के लिए सिर इधर-उधर पटकता दिख रहा है। उक्त वीडियो जिस भी व्यक्ति ने देखी वीडियो देखने के बाद प्रत्येक व्यक्ति का दिल पसीज गया और हरेक के मुंह से एक ही बात निकली कि ऐसे अमानवीय लोगों पर प्रशासन द्वारा तुरन्त कार्यवाही की जानी चाहिए। वीडियो देखने के बाद यह भी अंदाजा हो गया कि ऐसे लोगों के दिल कैसे बेरहम होते होंगे, जो एक बेजुबान, असहाय जानवर पर मिलकर इस बेरहमीं से कहर बरपा रहे हैं। कहर बरपाने के साथ-साथ छोटी सी कटिया को बेरहमीं से पीटने वाले अपने आप पर खूब गर्व महसूस कर रहे हैं, जैसे सारी मर्दानगी उन्हें बेजुबान पर ही दिखानी आती हो। न जाने इस तरह की शिक्षा उन्हें मिलती कहां से है ? कुछ धर्म तो ऐसे होते हैं, जहां चीटी के मारने पर भी डांट दिया जाता है, लेकिन ऐसी शिक्षा कहां से मिलती होगी, इसका अंदाजा लगा पाना शायद मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। वास्तव में ऐसा घृणित कृत्य बेजुबानों के साथ करने वाले लोगों को नियम, कानून की धाराओं के अंदर हाथों हाथ दण्ड मिलना ही चाहिए। अब देखना यह होगा कि उक्त वीडियो शासन-प्रशासन तक जाने के बाद आखिर प्रशासन उक्त मामले में कोई निर्णय लेता है अथवा उक्त वीडियो को देखकर खामोशी साध लेता है। सम्भावनाएं तो यही हैं कि प्रशासन के दिल में भी उक्त वीडियो को देखकर बेजुबान पशु के प्रति हर हाल में उदारता उमड़ेगी और कोई न कोई कार्यवाही को अवश्य ही अंजाम दिया जायेगा, जिससे निकट भविष्य में ऐसा घृणित और क्रूर कार्य करने वाले लोगों को सबक मिल सके और वें दोबारा अपनी घर की चार दीवारी में कैद करके किसी बेजुबान पशु को इस तरह से प्रताड़ित न कर सकें। उक्त वीडियो वायरल होने के साथ ही साथ सोशल मीडिया पर पशु प्रेमियों में आक्रोश व्याप्त है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। इस बीच कुछ लोगों ने वीडियो लखनऊ पुलिस मुख्यालय को भी ट्वीट कर दिया,जिसके बाद जनपद पुलिस भी हरकत में आ गयी। एसपी सिटी अर्पित विजय वर्गी ने कहा कि मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दे दिये गए हैं। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जायेगा। आरोपी युवक सगे भाई बताए गए हैं।







सावन के दूसरे सोमवार को शिवचौक पर भगवान आशुतोष पर जलाभिषेक करते व अपने मस्तक पर तिलक करती महिला श्रद्धालु।

## प्रदेश में 16 अगस्त से 50 प्रतिशत छात्रों के साथ माध्यमिक स्कूल खोलने के निर्देश जारी

लखनऊ, 02 अगस्त ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कोरोना संक्रमण कम होने के चलते पांच अगस्त से स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने के साथ 16 अगस्त से 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के साथ माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में पठन-पाठन का कार्य शुरु करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आज यहां लोक भवन में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में कोरोना संक्रमण की नियंत्रित स्थिति को देखते हुए शिक्षण संस्थानों में नवीन सत्र को प्रारम्भ करने की तैयारी करते हुए माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं 16 अगस्त से 50 प्रतिशत विद्यार्थियों के साथ पठन-पाठन का कार्य शुरु किया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न बोर्डों के इण्टरमीडिएट के परीक्षाफल घोषित हो चुके हैं। इसके दृष्टिगत स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया पांच अगस्त से प्रारम्भ की जाए और माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में अगली कक्षा में प्रोन्नत विद्यार्थियों की कक्षाएं 15 अगस्त से प्रारम्भ की जाएं। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को 'स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव' से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। श्री योगी ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थाओं में भी प्रत्येक दशा में एक सितम्बर से शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने की तैयारी की जाए। प्रत्येक शिक्षण संस्थान में कोविड प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित कराया जाए। मास्क एवं दो गज की दूरी के नियम का पालन किया जाए। संस्थान में सैनिटाइजर, इंफ्रारेड थर्मामीटर, पल्स ऑक्सीमीटर की उपलब्धता रहे। शिक्षण संस्थाओं में 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों के कोरोना टीकाकरण के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग से समन्वय बनाकर ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के तथा नगर विकास विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्रों के परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता, सैनिटाइजेशन एवं शौचालयों आदि की साफ-सफाई का कार्य कराया जाए।

## तालाब में डूबने से बच्ची की मौत

*मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव रथेड़ी में एक मासूम बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रथेड़ी निवासी ४ वर्षीय शहनुमा पुत्री गुलबहार आज खेलते समय लापता हो गई थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बच्ची के लापता होने की सूचना पुलिस को भी दी गई थी। पुलिस ने बताया कि आज देर शाम बच्ची का शव उसके घर के पास ही एक तालाब में मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि संभवतः खेलते समय तालाब में गिरने से बच्ची की डूबकर मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।*

## श्रावण माह के दूसरे सोमवार को मंदिरों में हुआ जलाभिषेक

### ❏शिवचौक पर जलाभिषेक के साथ हुई महाआरती

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त ( बु. )। श्रावण माह के दूसरे सोमवार को जनपदभर के तमाम मंदिरों व शिवालयों में अलसुबह से ही श्रद्धालुओं ने पहुंचकर इस बीच भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ में जलाभिषेक किया गया। इस कड़ी में नगर के हृदय स्थल शिवचौक के साथ ही गांधी कालोनी स्थित अनंतेश्वर महादेव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भगवान शंकर एवं शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं दूसरी ओर नई मंडी भरतिया कालोनी स्थित श्रीगणपतिधाम - खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में गुरू पूर्णिमा से शुरू जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना में श्रद्धालुओं ने कोरोना गाइडलाइंस के बीच में पहुंचकर शिवलिंग पर बेलपत्र, धूप दीप, अगरबत्ती एवं फल-फूल से पूजा करने के साथ मंदिर समिति की ओर से उपलब्ध कराए गए गंगाजल से भगवान शिव और शिवलिंग पर इस बीच जलाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद और शकरा से भगवान की पूजा अर्चना की। इस बीच शिवचौक समेत तमाम मंदिरों और शिवालयों पर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा।

सोमवार को जनपद की हृदय स्थल शिवचौक पर सुबह 6 बजे से महिला, पुरुष और बच्चों की भीड़ जलाभिषेक करने के लिए पहुंचने लगी। इस बीच कोरोना महामारी के बीच शिवचौक पर पूर्व वर्षों की भांति पौह फटने के साथ रोनक देखने को मिली। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों ने सावन के दूसरे सोमवार को भगवान शंकर की आराधना की और उनके लिए भूखे रहकर व्रत रखा। इस दौरान शिवचौक पर महिलाओं ने पूजा की थाली सजाकर धूप, दीप, कपूर और अगरबत्ती के साथ फल, फूल, बेल पत्रों और दूध से भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। इस दौरान कोरोना गाइडलाइंस के बीच शिवभक्तों ने सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए भगवान शिव मूर्ति व शिवलिंग पर दूध, फल, फूल और बेलपत्र चढ़ाकर जलाभिषेक किया। वहीं दूसरी ओर गांधी कालोनी में अनंतेश्वर महादेव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर जलाभिषेक किया। जनपद के तीनों प्रमुख प्राचीन शिव मंदिरों संभलहेड़ा स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर, शेरनगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर और सांझक स्थित स्वयंभू प्रकट शिवलिंग पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। इसके अलावा जानसठ में ज्ञानेश्वर मंदिर ककराला के प्रसिद्ध शिवमंदिर, शुकतीर्थ के विश्वनाथ महादेव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक कर श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का पूजन किया। इसके अलावा नईमंडी संकीर्तन भवन, न्यू एसडी कॉलेज मार्किट के अलावा नगर के अंसारी रोड स्थित भौंरो के मंदिर में शिव मंदिर में जलाभिषेक किया।

# कचहरी के जाम में फंसे अफसर, फिर भी नहीं हुआ सुधार

### ❏डीएम दफ्तर के आवागमन में जाम से दो चार हुए सीडीओ, सीएमओ और सिटी मजिस्ट्रेट ❏कचहरी में सड़क के दोनों तरफ अवैध पार्किंग से लग रहा है जाम ❏शहर के दूसरे हिस्सों में भी रुक-रुककर लगता रहा जाम

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त ( बु. )। दो दिन के वीकेंड लॉकडाउन के बाद सोमवार को बाजार खुले, तो शहर की सड़कों पर जाम लग गया। जनता के साथ अधिकारियों को भी जाम से दो चार होना पड़ा। कचहरी में लम्बा जाम लगने के कारण सीडीओ, सीएमओ और सिटी मजिस्ट्रेट के वाहन भी फंस गए। सीडीओ तो वाहन से उतरकर पैदल ही डीएम ऑफिस तक गए। बावजूद इसके कचहरी में सुधार की उम्मीद कम ही है।

शनिवार और रविवार को वीकेंड लॉक डाउन के बाद सोमवार को यातायात का दबाव रहता है। आज भी ऐसा ही हुआ। सुबह के समय तो यातायात सामान्य रूप से चलता रहा। दोपहर को एकाएक दबाव बढ़ गया, तो शहर की सड़कें जाम होती चली गई। शिव चौक से लेकर जिला अस्पताल तक यातायात रेंगता रहा। शामली रोड, झांसी रानी चौक, जानसठ रोड पर रुक-रुक जाम लगता रहा। सोमवार को सबसे ज्यादा बुरा हाल कचहरी में रहा। प्रकाश चौक से कचहरी जाने वाला रोड जाम रहा। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह सुबह ही फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। इसके अलावा कई प्रशासनिक बैठक होने के कारण विभागीय अधिकारियों की कचहरी में उपस्थिति थी। जाम में मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार की गाड़ी भी फंस गई। उन्हें भी कार से उतरकर पैदल ही जाना पड़ा। सीएमओ डॉक्टर महावीर सिंह फ़ौजदार, सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह के वाहन भी जाम में फंस गए। सिविल लाइन थाने की गाड़ी को पीछे जाना पड़ा। एसओ को पैदल ही जिलाधिकारी कार्यालय तक सफर तय करना पड़ा। कचहरी में जाम की नई समस्या है। दरअसल सड़क के दोनों तरफ अवैध रूप से वाहन खड़े हो जाने के कारण जाम को बढ़ावा मिलता है। सरकारी कॉलोनी के अधिकारी भी आवास के बाहर होने वाली अवैध पार्किंग से परेशान है। कई बार जाम का मामला गर्माने के बाद भी इसका स्थाई समाधान नहीं निकाला जा सका है।





कलेक्ट्रेट में जाम में फंसी अधिकारी की गाड़ी

# एसडीएम (सदर) ने पॉल्यूशन अधिकारियों के साथ मिलकर मारा त्रिवेणी एल्को पर छापा

### ❏आरटीआई कार्यकर्ता ने की जिलाधिकारी को प्रदूषित जल की शिकायत ❏ पूर्व में भी एक शुगर मिल समेत एक दर्जन पेपर मिलों पर हुई थी कार्रवाई

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त ( बु. )। देशभर में प्रदूषण से आए दिन आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता जा रहा है, जिसमें जनपद मुज़फ्फरनगर की अगर बात करें तो यहां शुगर मिल से लेकर पेपर मिल सहित दर्जनों ऐसी फैक्ट्रियां हैं, जो भारी मात्रा में प्रदूषण फैला कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही हैं। एनजीटी के तमाम आदेशों के बावजूद भी इन फैक्ट्रियों का संचालन बदस्तूर जारी है। जनपद में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर बीते दिनों एनजीटी ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुजफ्फरनगर के एक शुगर मिल सहित एक दर्जन फैक्ट्रियों पर मुकदमा दर्ज कराया था। आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक द्वारा की गई शिकायत पर सोमवार को भी एसडीएम सदर ने पॉल्यूशन अधिकारियों के साथ भोपा रोड पर एक फैक्ट्री पर छापा मारा और वहां जल प्रदूषण की मिल रही शिकायत की जांच की। दरअसल, देश में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहा प्रदूषण परेशानी का सबब बनता जा रहा है। जनपद मुजफ्फरनगर में भी दर्जनों फैक्ट्रियां हैं, जो लगातार प्रदूषण फैला रही हैं, जिसके चलते जनपद के सैंकड़ों गांव में प्रदूषित जल की वजह से भारी संख्या में लोग बीमारी से ग्रस्त हैं। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश प्रदूषण विभाग ने एनजीटी के आदेश पर बीते वर्ष भी जनपद मुजफ्फरनगर की बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल, भसाना बुढ़ाना सहित 12 औद्योगिक इकाईयों के खिलाफप्रदूषण फैलाने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया था। प्रदूषण को लेकर पहले ही एनजीटी के निर्देश पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा जल निगम की टीम ने संयुक्त रूप से सहारनपुर से लेकर गाजियाबाद तक औद्योगिक इकाईयों के पानी की सैम्पलिंग की थी और ये नमूने जांच में फेल हो गए थे। एनजीटी ने इसके बाद सख्त कदम उठाते हुए प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों पर मुकदमे दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। शामली और मुजफ्फरनगर में 12 औद्योगिक इकाईयों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। सोमवार को एसडीएम सदर दीपक कुमार पॉल्यूशन विभाग के अधिकारियों के साथ त्रिवेणी एल्को फैक्ट्री में पहुंचे और उन्होंने वहां आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक द्वारा की गई शिकायत पर पानी से किसानों की नष्ट हुई फसल का निरीक्षण करते हुए फैक्ट्री मालिकों को सख्त निर्देश देते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। अधिकारियों ने क्षेत्र में पॉलिथीन जलाने के मामले में भी शिकायत की। बता दें आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक ने बीते दिवस डीएम चंद्र भूषण सिंह को एक शिकायती पत्र देते हुए भोपा एवं जौली रोड पर संचालित हो रही फैक्ट्रियों से क्षेत्रीय किसानों को जल प्रदूषण से होने वाले संक्रमण एवं फसलों की बर्बादी की शिकायत की थी, वहीं आरटीआई कार्यकर्ता ने प्रतिबंधित पॉलिथीन को पंजाब चंडीगढ़ हरियाणा उत्तराखंड समेत अन्य प्रांतों से लाकर इसका यहां प्रयोग किए जाने की भी शिकायत की थी, जिस पर सोमवार को एसडीएम सदर ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया और यहां संचालित पेपर मिलों को व्यवस्था में सुधार लाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने बताया पॉल्यूशन विभाग ने खेत में दूषित जल के नमूने लिए हैं, जिनकी जांच के बाद ही पेपर मिलों पर कार्रवाई की जाएगी।

## युवती से छेड़छाड, विरोध पर दी धमकी

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त ( बु. )। नई मंडी क्षेत्र में कार्य करने वाली युवती ने एक युवक पर अश्लील छेड़छाड़ व धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी युवती ने नई मंडी थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसका कार्यालय नई मंडी क्षेत्र में है। उसने बताया कि विगत् 31 जुलाई को वह अपने कार्यालय गई थी, कर्मचारी न आने के कारण कार्यालय बंद था, जिसके चलते वह कार्यालय के बाहर गैलरी में बैठकर कार्यालय खुलने का इंतजार कर रही थी। पीड़िता का कहना है कि इसी दौरान वह अचानक बेहोश हो गई। कुछ देर बाद उसे होश आया, तो पास ही एक दुकान पर काम करने वाला दिनेश जैन उसके साथ अश्लील शारीरिक छेड़छाड़ कर रहा था। पीड़िता के शोर मचाने पर वह धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कथित धर्मांतरण प्रकरण में नया मोड़, चारों बहनों ने अपने पिता के साथ रहने की जताई इच्छा

मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बु.)। गांव अलमासपुर से कई दिन से लापता पांच युवतियों के कथित धर्मांतरण को लेकर आज नया मोड़ आ गया। चारों बहनें अपने पिता के साथ रहने की इच्छा जताते हुए आज पुलिस के पास जा पहुंची। गौरतलब है कि शुक्रवार देर शाम कोतवाली में हिंदू जागरण मंच कार्यकर्ताओं ने हंगामा करते हुए ५ युवतियों के धर्म परिवर्तन करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने कथित धर्मांतरण कराने वाले चर्च पर छापा मारा था, लेकिन वहां कोई युवती नहीं मिली थी, बाद में लापता युवतियां अपनी रिश्तेदारी से मिली थी। शहर से सटे गांव अलमासपुर निवासी चार सगी बहनें व उनकी रिश्तेदार युवती कई दिन पूर्व संदिग्ध हालातों में लापता हो गई थी। परिजन तभी से उनकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार शाम हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष नरेंद्र पंवार कार्यकर्ताओं के साथ नई मंडी थाने पहुंचे थे और पुलिस को बताया था कि उक्त पांचों युवतियों का शहर के रुड़की रोड स्थित एक कॉलोनी के चर्च में धर्मांतरण करा दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल हिंदू कार्यकर्ताओं के साथ बताए गए चर्च पर छापा मारा था, लेकिन वहां कोई भी युवती नहीं मिली थी। इस पर पुलिस टीम बैरंग लौट आई थी। इसके बाद पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से युवतियों की तलाश की, तो उनकी लोकेशन उनकी रिश्तेदारी में मिली थी, तभी से युवती अपनी रिश्तेदारी में रह रही थी। कूकड़ा चौकी प्रभारी योगेश शर्मा ने बताया कि आज चारों बहनें पुलिस के पास पहुंची और अपने पिता के साथ रहने की इच्छा जताई। चौकी प्रभारी का कहना है कि चारों युवतियां बालिग हैं और उन्होंने अपनी मर्जी से अपने पिता के साथ रहने की इच्छा जताई, चारों युवतियों को उनके घर भेज दिया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त ( बु. )। सिविल लाइन क्षेत्र में सरवट व बझेड़ी फाटक के बीच ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराई और मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन क्षेत्र में सरवट और बझेड़ी के बीच एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराई, तो मृतक की पहचान जनकपुरी निवासी 21 वर्षीय विनीत पुत्र राजेंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी और पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिए भेज दिया। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# भाजपा के कार्टून पर बोले टिकैत, कुत्ता काटता है, तो उसे कैसे काटें

### ❏मुकदमों से नहीं डरते हैं किसान : नरेश टिकैत ❏पुलिस और प्रशासन की अपील पर स्थगित किया 4 अगस्त का आंदोलन ❏मुजफ्फरनगर में पांच सितंबर को होगी ऐतिहासिक महापंचायत

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त ( बु. )। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने भाजपा के कार्टून पर पलटवार किया है। एक कुत्ता काटता है, उसे वापस थोड़े काटा जाता है। भाजपा इस समय सत्ता के नशे में चूर है। सरकार कितना भी जुल्म-ज्यादती कर ले, किसान झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान मुकदमों से नहीं डरता है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के अनुरोध पर 4 अगस्त को एसएसपी ऑफिस घेराव का आंदोलन स्थगित कर दिया गया है।

भाकियू प्रमुख चौधरी नरेश टिकैत ने जाट कॉलोनी आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिले में पिछले दिनों हुए फर्जी मुकदमों के विरोध में 4 अगस्त को होने वाले किसान आंदोलन को स्थगित कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की अपील पर यह फैसला किया गया है। टिकैत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस समय भाकियू का पूरा फ़ोकस 5 सितंबर को होने वाली महापंचायत पर है, क्योंकि लाखों की संख्या में यहां किसान उमड़ने वाला है। उस दिन किसानों का जमावड़ा देखकर सरकार की जड़ें हिल जायेंगी। भाकियू प्रमुख टिकैत ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के नशे में जन विरोधी फैसले ले रही है। सरकार की दमनकारी नीतियों के सामने किसान झुकने वाले नहीं है। दबाव के तहत यह मुकदमें दर्ज कराए जा रहे हैं। किसान 1987 से मुकदमें झेलती आ रही है। कोई अच्छी सरकार आती है, वो इन मुकदमों को वापस ले लेती है। लखनऊ के किसान आंदोलन बयान पर भाजपा के पलटवार कार्टून के सवाल पर भाकियू प्रमुख ने कहा कि कागज पर ही तो कार्टून बनाया है। यह तो उनकी सोच है। यदि कोई कुत्ता काटता है तो उसे वापस नहीं काटा जाता है।



# बिना नम्बर लिखी प्लेट व साइलेंसर से निकलती गोली की आवाज वाली गाड़ियां उड़ा रही परिवहन नियमों की धज्जियां

खतौली, २ अगस्त (बु.)। कोरोना काल में पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्ण मुस्तैदी के दावों के पश्चात भी नगर क्षेत्र की सड़कों पर जहां बिना नम्बर की प्लेट लगी व साइलेंसर से गोली की तेज आवाज का धमाका करती पुलिस पिकेट के सामने ही सरपट दौड़ती दिखाई दे रही बाइकें पुलिस प्रशासन के मुस्तैद बने रहने के दावों पर जहां प्रश्न चिन्ह लगा रही है, वहीं अपराधिक वारदातें बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती दिखाई पड़ रही है। मिली जानकारी के अनुसार कोरोना संकट काल में शासन के निर्देशानुसार पुलिस प्रशासन कोरोना संक्रमण रोधक नियमों के पालन हेतु व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रयासरत बना हुआ, जिसके तहत जहां पुलिस अधिकारी स्वयं नगर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए निगरानी बनाये हुए हैं, वहीं नगर की सड़कों पर पुलिस पिकेट बनाये हुए हैं, परन्तु दूसरी ओर पुलिस प्रशासन के गश्त बनाते हुए पूर्ण मुस्तैद बने रहने के दावों के पश्चात भी शासन के सख्त निर्देशों के पश्चात भी नगर क्षेत्र में बिना नम्बर लिखी प्लेट लगी बाईकों का पुलिस पिकेट की नजरों के सामने से सड़कों पर सरपट दौड़ते दिखाई पड़ रहे है, वहीं अधिकांश वाहनों पर लगी नम्बर प्लेट पर डिजाइन बनाकर नम्बर लिखा जाना तथा नम्बर प्लेट पर जातिसूचक शब्दों सहित उपनामों का लिखा दिखाई देना जहां परिवहन विभाग के नियमों का उपहास उड़ता दिखाई देता है, वहीं आपराधिक वारदात के दौरान इन वाहनों की नम्बर प्लेट से नम्बर पढ़ना भी पुलिस के लिए एक अग्नि परीक्षा साबित होते हुए अपराधियों के बचाव सहायक बन जाती है। परिवहन विभाग के नियमों को ताक पर रखकर पुलिस प्रशासन की उदासीनता के फलस्वरूप सड़कों पर तेज गति से सरपट दौड़ रहे ऐसे वाहन जहां अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं, वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा जानकारी होने के पश्चात बाइकों के साइलेंसर से गोली की आवाज में जोरदार धमाके का बढ़ता जा रहा चलन का दौर सड़क पर पैदल चलने वालों के दिलों की धड़कन तेज करने में अहम भूमिका निभा रहा है, परन्तु पता नहीं कोरोना काल में मुस्तैद बने रहने का बार–बार दावा कर अपनी स्वयं पीठ थपथपाने वाली कोतवाली पुलिस शासन के निर्देश के पश्चात भी परिवहन नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर सरपट दौड़ने वाले ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन आंखों पर काला चश्मा लगाकर इन वाहनों को अनदेखा कर कोई भी कानूनी कार्यवाही करने में कोताही बरतने के लिए मजबूर साबित बनी हुई है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि कुछ चर्चित वाहन मैकेनिक बाइकों के साइलेंसर में गोली की आवाज धमाकों की मैकेनिक तकनीक करने के नाम पर बाईक सवारों से मोटी रकम वसूल रहे हैं, जिसके पश्चात ऐसे वाहनों के साइलेंसर से गोली के धमाके की आवाज निकलती है, जो सड़क पर चलने वाले आम नागरिकों के कानों में तो सुनाई देती है, परन्तु पुलिस प्रशासन को गोली की यह गूंज पता नहीं अभी तक क्यों नहीं सुनाई पड़ी।



## आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 02 अगस्त (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 03 अगस्त की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1108-लुई षष्ठम फ्रांस का सम्राट बना। 1492-यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को बाहर निकाला गया। 1492-इटली का नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस तीन पोत के साथ स्पेन से भारत की खोज पर रवाना हुआ। 1678- राबर्ट लासैले ने अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया। 1780- मेहर पोफम के तहत कैप्टन ब्रूस ने ग्वालियर पर कब्जा किया। 1886- ह्रहदी के विद्वान मैथिली शरण गुप्त का जन्म। 1900- फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना हुई। 1914- पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से गुजरा। 1916- गीतकार और कवि शकील बदायूंनी का जन्म। 1925-अमेरिका की अंतिम सैन्य टुकड़ी ने निकारागुआ छोड़ा। 1957-अब्दुल रहमान को मलेशिया का नया नेता चुन लिया गया। उनके नेतृत्व में ब्रिटेन से मलेशिया को आजादी मिली। 1960-पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर का फ्रांस से स्वतंत्रता मिली। 1984- भारतीय फुटबॉलर सुनील चेत्री का जन्म। 1985- बाबा आम्टे को जनसेवा के लिए रेमन मैगसेसे पुरस्कार प्रदान किया गया। 2003-अमेरिका के एंग्लिकन चर्च में एक समलैंगिक को बिशप बनाने का फ़ैसला किया गया। न्यू हैंम्पशायर के जेन रॉब्बसन को एपिस्कोपल चर्च के हाउस ऑफ़ डेपुटीज़ ने भारी बहुमत से बिशप बनाया। 2004- अमेरिका ने बुध ग्रह के लिए अंतरिक्ष यान मैसेंजर प्रक्षेपित किया। 2007-इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुआ रूसी अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एम-61 सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में पहुँचा। 2007- कांगो में रेल दुर्घटना में 100 लोगों की मौत। 2016-पुष्पकमल दाहाल नेपाल के 39 वें प्रधानमन्त्री बने।

## राजकीय इंटर कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बुस.)। आज राजकीय इण्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर में मण्डलीय मनोविज्ञान केंद्र मेरठ के तत्वाध ाान में शिक्षक एक परामर्शदाता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे जिले के समस्त राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं को समझना और उनका निराकरण करना बहुत आवश्यक है, इससे बच्चों के जीवन मे बहुत बड़ा बदलाव हो सकता है। मनोवैज्ञानिक के रूप में उपस्थित डॉ. मनीषा तेवतिया ने कहा कि बच्चों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं को लेकर शिक्षक का बहुत बड़ा योगदान है। शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं, यदि हम मनोवैज्ञानिक तरीके से बच्चों का उपचार करें। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रणवीर सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और शिक्षकों का आह्वान किया कि जो भी परामर्शदाता ने सुझाव दिए हैं, उन पर अमल करें। कार्यक्रम में डॉ. शिवराज, डॉ. विकास शर्मा, सन्दीप कौशिक, राजकीय इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सावन माह के द्वितीय सोमवार पर हुआ जलाभिषेक

कैराना, २ अगस्त (बु.)। कस्बे मे प्राचीन सिद्ध पीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया गया। इसके साथ–साथ श्रद्धालुओं ने व्रत कर पूजा अर्चना की। सावन माह के द्वितीय सोमवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं का सुबह से ही तांता लगा रहा। श्रद्धालु विशेष पूजा अर्चना कर जलाभिषेक करते नजर आए। इसके अलावा नगर के प्रमुख प्राचीन सिद्धपीठ बाबा बनखंडी महादेव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्त जलाभिषेक करते रहें। वहीं देर शाम मंदिरों में महाआरती का आयोजन किया गया, जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

## कैराना पुलिस ने चलाया बैंकों पर चेकिंग अभियान

कैराना, २ अगस्त (बु.)। कैराना कोतवाली पर तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक राधेश्याम ने सोमवार को पुलिस टीम के साथ में कस्बे के बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत बैंक शाखाओं में संदिग्ध दिखने वाले लोगों की तलाशी ली गई तथा उनसे पूछताछ की गई। उन्होंने बैंक में सीसीटीवी कैमरे भी चेक किये। उन्होंने बैंक कर्मचारियों को कहा है कि अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे, तो तत्काल कैराना पुलिस को सूचना दें। इसके अलावा उन्होंने अन्य बैंकों को भी चेक किया है। वहीं उन्होंने बैंकों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को भी चेक करते हुए तलाशी ली।

# बुढ़ाना क्षेत्र के किसानों ने घेरी कलेक्ट्रेट, किया प्रदर्शन

## -एनएच के अधिकारियों पर लगाए उत्पीड़न के आरोप

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। सोमवार को बुढ़ाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांवों के किसानों ने डीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के खिलाफ उत्पीड़न किए जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। डीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में उक्त क्षेत्रीय किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे कोरिडोर में अर्जित की गई भूमि में किसानों के चकों को दो भागों में विभाजित किए जाने की बात की है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराई गई अधिग्रहण भूमि में कोई भी रास्ता इसके बाद शेष न रहने का आरोप लगाते हुए इसमें सुधार के साथ सुनवाई कराए जाने की मांग की है। इसके साथ ही स्थानीय किसानों ने प्रशासन से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा कोरिडोर निर्माण के दौरान खेतों पर जाने के लिए रास्ता दिए जाने के साथ ही अंडरपास और सिंचाई के लिए नाली और पाइपलाइन की सुविधा दिलाए जाने की मांग की। सोमवार को बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम मौजा खेड़ा मस्तान, करौंदा, फुगाना, डूंगर, कमरूद्दीन नगर, राजपुर–छाजपुर, बिराल आदि आधा दर्जन से अधिक गांवों के पीड़ित किसानों ने डीएम कार्यालय पर पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। डीएम कार्यालय पर पहुंचे क्षेत्र के उक्त किसानों ने पूर्व में डीएम, मंडलायुक्त समेत संबंधित तमाम अधिकारियों को की गई शिकायत के बाद भी कोई हल न निकल पाने पर रोष व्यक्त किया। डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह को सौंपे गए ज्ञापन में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक पर किसानों की अनदेखी किए जाने के साथ ही गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। डीएम के नाम सौंपे ज्ञापन में उक्त क्षेत्रीय किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बनाए जा रहे कोरिडोर में अर्जित की गई भूमि में किसानों के चकों को दो भागों में विभाजित किए जाने की बात की है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराई गई अधिग्रहण भूमि में कोई भी रास्ता इसके बाद शेष न रहने का आरोप लगाते हुए सुधार के साथ ही सुनवाई कराए जाने की मांग की। इसके साथ स्थानीय किसानों ने जिला प्रशासन से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा कोरिडोर निर्माण के दौरान खेतों पर जाने के लिए खेतों को जोड़ने वाला रास्ता दिए जाने के साथ अंडरपास और सिंचाई के लिए नाली और पाइपलाइन की सुविधा दिलाए जाने की मांग की। इस दौरान बुढ़ाना क्षेत्र के आधा दर्जन गांव के दर्जनों की संख्या में किसान कलेक्ट्रेट में मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट में किसानों की बढ़ती संख्या के बीच थाना सिविल लाइन इंस्पेक्टर समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# एआर कॉ-ऑपरेटिव चालक पर अवैध संपत्ति जुटाने के आरोप

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के सदस्यों ने सोमवार को डीएम से मिलकर एआर कॉ–ऑपरेटिव के दफ्तर में कार्यरत रहे चालक पर अवैध सम्पत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगाते हुए जांच करने की मांग की है। शिकायत के साथ समिति ने डीएम को उक्त कर्मी से जुड़े 4 बैनामे और जेवरातों की सूची भी सौंपी है। सोमवार को भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के जिलाध्यक्ष कंवरपाल शर्मा ने दर्जनों पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम चन्द्र भूषण सिंह से मुलाकात की। इस दौरान समिति ने डीएम को एक शिकायत पत्र सौंपते हुए एआर कॉ–ऑपरेटिव कार्यालय में तैनात रहे कर्मचारी मदनपाल सिंह पुत्र भगवान दास पर अवैध सम्पत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस बीच कंवरपाल शर्मा ने अपनी उक्त शिकायत में बताया कि मूल रूप से कुरथल निवासी मदन पाल वर्तमान में आर्य समाज रोड पुराने प्लॉनिंग दफ्तर कम्पाउंड में रह रहा है, जो बीते करीब 20 वर्षो से एआर कॉ–ऑपरेटिव कार्यालय में तैनात है। आरोप है कि इस पद पर रहते हुए उसने मात्र 10–15 वर्षो में करोड़ों रुपये की अवैध सम्पत्ति अर्जित की है। शिकायतकर्ता कंवरपाल ने मदनपाल के द्वारा अपनी पत्नी अंजू गिल, माता उर्मिला देवी एवं मामी सरोज देवी पत्नी शिवकुमार निवासी ग्राम ढिकौली के नाम अलग–अलग सम्पत्ति खरीदी है। आरोप है कि 10 लाख रुपये के जेवर भी उसने इस बीच खरीदे हैं। वहीं वसुन्धरा रेजीडेंसी में उसने एक प्लॉट खरीदा था, जिसमें करीब एक करोड़ रुपये की लागत से मकान बनाया है। कंवरपाल शर्मा ने डीएम को शिकायत के साथ ही चार बैनामे और जेवरात की सूची उपलब्ध कराते हुए डीएम से मदनपाल द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में निष्पक्ष व गंभीरता से जांच कराने की मांग की है। इस दौरान मुख्य रूप से दिनेश कुमार एड, विनीत कुमार एड, अरविन्द कुमार, शिवकुमार, मनोज कुमार शर्मा, सीताराम, मौ. खालिद, प्रदीप, दीपचन्द शर्मा व हरबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# तिसंग मण्डल की बैठक में रुपेन्द्र सैनी का स्वागत




मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बु)। खतौली विधानसभा की तिसंग मण्डल की कार्य समिति की बैठक में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर पिछड़ा वर्ग के महामंत्री रुपेन्द्र सैनी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूरी एवं विधानसभा चुनाव के लिए गांव गांव में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं स्थानीय लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निदान कराने की अपील की। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर पिछड़ा वर्ग आयोग के महामंत्री रुपेन्द्र सैनी का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। समिति की बैठक में मण्डलाध्यक्ष अमित कसाना, महामंत्री राजन वालिया, अनिल चौहान उपाध्यक्ष, अतुल गुर्जर, ओमवीर जसौला, ठा. मनवीर सिंह एवं जिला मंत्री बोबिन्द्र सहरावत समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाइटगेज टूटने से कांवड़ मार्ग से होकर गुजर रही हैं प्राइवेट बसें

## –टैक्स चोरी के लिए तोड़े गए हाइटगेज बने ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब

भोपा, २ अगस्त (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र में बस चालकों की मनमानी ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। भोपा गंगनहर पुल के कांवड़ मार्ग पर हाइट गेज टूटने के कारण प्राइवेट बसें कांवड़ मार्ग से होकर गुजर रही हैं, जिससे मुख्य मार्ग पर पड़ने वाले गांवों के ग्रामीणों को बस की सुविध ाा नहीं मिल पा रही है, जिससे वे डग्गामार वाहनों में सफर करने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से मुख्य मार्ग पर बसें चलवाने की मांग की है। चौधरी चरण सिंह कांवड़ गंगनहर पटरी मार्ग के चौड़ीकरण के बाद गंगनहर मार्ग पर भारी वाहनों का आगमन बढ़ गया था, जिसके चलते भारी वाहनों से गंगनहर पटरी मार्ग पर दुर्घटनाएं भी अधिक हो गई थी। दुर्घटनाओं को देखते हुए पीडब्ल्यूडी द्वारा नहर पुल के बराबर में हाइट गेज लगाए गए थे, जिससे हैवी वाहन गंगनहर पटरी से न होकर मेन रास्ते से जाएं, लेकिन लेकिन पुलिस की मिलीभगत से इन हाइटगेज को तोड़ दिया गया, जिसकी शिकायत समाजसेवियों द्वारा कई बार की जा चुकी है, लेकिन बार–बार हाइटगेज लगने के बाद भी रात के अंधेरे में तोड़ दिए जाते हैं, जिसका फायदा टैक्स चोरी करने वाले वाहन व प्राइवेट बसों के चालकर जमकर उठा रहे हैं। सीकरी मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बसों के चालक बसों को मुख्य मार्ग से ना ले जाकर कांवड़ मार्ग से होकर ले जा रहे हैं। बस चालकों की मनमानी गांव बेहड़ा थ्रू, महमूदपुर धीराहेड़ी व निरगाजनी जैसे गांव के ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। बस चालकों के कांवड़ मार्ग से बस निकालने के कारण इन गांवों के ग्रामीणों को यात्रा करने के लिए साधन नहीं मिल पा रहे हैं, जिस कारण यात्री परेशान घूमते दिखाई देते हैं। मजबूरी में गांव के ग्रामीण डग्गामार वाहनों से अपने घर तक पहुंच पाते हैं। डग्गामार वाहनों में यात्रा करने से दुर्घटना का भय बना रहता है और कई बार पैदल यात्रा करने पर उनके साथ छिटपुट घटनाएं भी हो जाती हैं। इस कारण ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। बेहड़ा थ्रू निवासी रवि, बादल, अंकित, विशाल, जयवीर महमूदपुर माजरा निवासी राजेन्द्र कुमार, सत्यकुमार, सर्वेश, जितेंद्र, शिवकुमार, अंकुर, मनीष शर्मा, दीपक, रोहित, शुभम व सतीश चंद धीराहेड़ी निवासी जयदेव आदि ने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल से उनकी इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर भारी वाहनों को रोकने के लिए मुरादनगर व हरिद्वार की ओर जाने वाले दोनों रास्तों पर पीडब्ल्यूडी द्वारा हाइटगेज लगा दिए गए थे। हाइटगेज लगे हुए स्थान पर भोपा पुलिस २४ घंटे तैनात रहती हैं, जिसके बावजूद भी रात्रि में हैवी वाहनों द्वारा गंगनहर पर लगे हाइटगेज को तोड़ दिया जाता है। हाइटगेज टूटने से सरकार को भारी नुकसान हो रहा है। यहां से गुजरने वाले वाहन सरकार का टैक्स चोरी कर निकल रहे हैं ओर दुर्घटना को अंजाम दे रहे हैं।

# एसडी मैनेजमेन्ट में बीसीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं ने किया जिले का नाम रोशन



मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बुस.)। आजएस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीसीए तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने के उपलक्ष में एक ऑनलाईन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाले चिराग धीमान ने ७६.८ प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर आने वाली नेहा सिंघल ने ७५.१ प्रतिशत व तृतीय स्थान पर आने वाले लवकुश कुमार ने ७५ प्रतिशत अंक प्राप्त किये। ऑनलाईन वार्ता करते हुए चयनित छात्र/छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, अभिभावकों व बीसीए विभाग के सभी शिक्षकगणों को दिया। ऑनलाईन कार्यक्रम के प्रारम्भ में कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने तीनों छात्राओं को भविष्य में निरन्तर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विभागाध यक्ष डॉ. संजीव तायल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे कॉलेज मे छात्र/छात्राओं के लिये समय–समय पर विभिन्न विषयों पर सेमिनार, वेबिनार, व वर्कशॉप का आयोजन होता रहता है तथा समय–समय पर विभिन्न कम्पनियों की इंडस्ट्रीयल विजिट करायी जाती है, जिससे छात्र/छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना बनती है। इसके अलावा छात्र/छात्रायें अपने बीसीए के अन्तिम वर्ष में अलग–अलग कम्पनियों में ट्रेंनिग करते हैं, जिसकी व्यवस्था भी कॉलेज के माध यम से करायी जाती है। डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर बीसीए विभाग के वैभव वत्स, चांदना दीक्षित, रोबिन गर्ग, नवनीत चौहान, मोहित गोयल, तरूण शर्मा, श्वेता, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, प्रशान्त गुप्ता, विनिता चौधरी, शशांक भारद्वाज, उमेश मलिक व सतीश आदि शिक्षकगणों एवं स्टॉफ नें ऑनलाईन कार्यक्रम में अपना प्रतिभाग किया व प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को बधाई व आशीर्वाद दिया।

# ११ अगस्त को किया जायेगा रोजगार मेले का आयोजन : सीडीओ

मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (सूवि)। मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय मुजफ्फरनगर द्वारा ११ अगस्त को एक ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला पूर्णतः ऑनलाइन होगा अभ्यर्थियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए नियोजकों द्वारा अभ्यर्थियों/प्रवासी श्रमिकों से ऑनलाइन/फोन/विडियो कॉल पर साक्षात्कार कराया जायेगा। चयन की सूचना दूरभाश पर दी जायेगी। उक्त मेले में छह से अधिक कम्पनियॉ प्रतिभाग करेंगी, जिसमें विभिन्न नियोजकों द्वारा हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई आदि योग्यताधारक अभ्यर्थियों के लिए फील्ड एक्जीक्यूटिव, सेल्स रिप्रजेन्टेटिव, एचआर मैनेजर, टेलीकॉलर आदि पदों के लिए चयन किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी को अपना एक फोटो, शैक्षिक प्रमाण–पत्रों की अनुक्रमांक, दिनांक, आधार कार्ड आदि की आवश्यकता होगी। सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण ऑनलाइन स्वंय या कम्प्यूटर सैन्टर से कराया जा सकता है। पंजीकृत अभ्यर्थी रोजगार मेला के लिए ऑनलाईन यूजर आईडी द्वारा अपना आवेदन कर मेले में शामिल हो सकेंगे। रोजगार मेला की आईडी ४३६१ है। अभ्यर्थी अपनी यूजर आईडी खोलकर "आवेदित नौकरियां" पर क्लिक कर जनपद मुजफ्फरनगर की "विज्ञापित रिक्तियों" को देखे इसके पश्चात "आवेदन करे" पर क्लिक करे तत्पश्चात रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। अभ्यर्थी का ऑनलाइन रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर ऑनलाइन कम्पनी में आवेदन करना अनिवार्य है। किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में कार्यालय में सम्पर्क करे। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक– अंकुर दुआ

उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ

☎ (आ.)–98370-42840, 94127-10840

विज्ञापन–9368549219 (नि.) 7983359929,

सम्पादक– 9412210257

e-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# परमात्मा शिव सर्वमंगल रूप हैं आचार्य होती लाल शर्मा

मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बु.)। स्थानीय शामली रोड निकट बिजली घर स्थित सत्संग भवन परिसर में गत २५ जुलाई से निरंतर प्रवाहित श्री शिव महापुराण ज्ञान गंगा ने ३१ जुलाई को विश्राम लिया। इस महापुराण की व्याख्या व्यास पीठ से आचार्य होती लाल शर्मा ने लोक व्यवहार भाषा के माध्यम से सरलतम शब्दों द्वारा की। सत्संग भवन के अध्यक्ष त्रिलोकचंद गुप्ता, मंत्री श्यामलाल बंसल, कोषाध्यक्ष ताराचंद वर्मा, ट्रस्टीगण शिव कुमार सिंघल, प्रवीण अरोरा एड. व अन्य लोगों ने कथा व्यास आचार्य होतीलाल शर्मा का शॉल भेंटकर पुष्पाहार देकर तिलक, दक्षिणा तथा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। अपने इस कथा प्रवचन में बोलते हुए आचार्य श्री ने बताया कि ये परत्पर पुरूष देवाधिदेव महादेव परमात्मा शिव सर्वमंगल रूप हैं, पावन रूप हैं, ये ही सत्यं–शिवं–सुन्दरं हैं तथा ये अवतारों के भी अवतार हैं। आचार्य होतीलाल शर्मा ने लोक भाषा के माध्यम से सभी श्रोताओं को पुराण का अर्थ, अरण्य संस्कृति से निकले शास्त्रों का महत्व, भगवान की वाणी वेद, हमारी संस्कृति और सभ्यता के अनेक उदाहरण प्रस्तुत कर भगवान की लीला कथाओं का शिव–पार्वती के चरित्र का तथा ईश्वरीय सत्ता की स्वीकृति का संदर्भ देकर श्रोता वर्ग को मंत्र मुग्ध कर दिया। आचार्य श्री ने कहा शिव का अर्थ है पावन कर्ता, मंगल कर्ता, रक्षण कर्ता, परमेश्वर, सर्वेश्वर, जगदीश्वर, यही सृष्टि के कणकण में व्याप्त हैं, यही एक होकर भी अनेक रूप धारण करता है। इसकी महत्ता को जानने के लिये हमें सनातन ग्रंथों का पठन–पाठन–श्रवण–मनन–चिंतन, भक्ति, भजन, संकीर्तन, साधु सेवा आदि से जुड़ना चाहिए। इस साप्ताहिक कथा ज्ञान यज्ञ में मनोहर लाल कालरा, पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, आचार्य सीताराम, सुभाषचंद सैनी एड., पूर्व विधायक सुशीला अग्रवाल, इन्जी. लोकेश चन्द्रा, प्रवीण अरोरा, रवि गोस्वामी, आशीष शर्मा, अरूण वर्मा, आशीष कौशिक, रामफल सिंह पुण्डीर, संदीप दास एड., शशी गोयल, काजल जैन, राखी गोयल, रेणुकांत जैमिनी, अरूण कुमार शर्मा, पूजा द्विवेदी अल्का सैनी एड., मोहकम सिंह, मदनपाल शर्मा, आचार्य सुरेन्द्र पाल, डॉ. बृजपाल सिंह, महेन्द्र दत्त शर्मा, चौ. राजवीर सिंह, श्रवण कुमार, रविन्द्र वर्मा, दीप्ति वर्मा, सीमा ठाकुर, ज्ञानी गुरूवचन सिंह, डॉ. सुनील, सरदार बलजीत सिंह, श्रीचंद तायल, डॉ. सुनील शर्मा व उनकी पत्नी श्रीमति अरूणा शर्मा सहित अनेक गणमान्य जन रहे।



# भोकरहेड़ी में सड़क किनारे चला स्वच्छता अभियान

भोपा, २ अगस्त (बु.)। एक ओर शासन प्रशासन स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता प्रदान कर संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रयास में एक बड़ी रकम खर्च करता है। वहीं कुछ लापरवाह व्यक्ति सरकार के इस अभियान को पलीता लगाने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं। भोकरहेड़ी में मुख्य मार्ग पर गन्दगी डालने वाले को बार बार नोटिस देने के बावजूद बाज न आने पर सड़क किनारे लगे गन्दगी के ढ़ेरों को जेसीबी मशीन द्वारा हटवाने का कार्य शुरू किया गया है। भोकरहेड़ी में मोरना मार्ग के किनारे कूड़े व गोबर के बड़े–बड़े ढ़ेर लगा दिये गये थे। भारी गन्दगी के कारण चारों ओर फैली दुर्गन्ध के कारण नागरिकों का निकलना दूभर हो गया था तथा संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ था। नगर पंचायत द्वारा कूड़ा डालने वाले व्यक्तियों को नोटिस देने के बावजूद बाज न आने पर जेसीबी मशीन द्वारा गोबर आदि के ढ़ेरों को हटवाया गया है। नगर पंचायत चेयरमैन पति रविदत्त ने बताया कि स्वच्छता उनकी प्राथमिकता में शामिल है। पूर्व में भी बस स्टैण्ड पर स्वच्छता अभियान चलाकर कूड़े के ढ़ेरों को हटवाया गया था। पुनः कूड़े के ढ़ेरों को हटाकर वहां स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर मजिस्ट्रेट व उपजिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में बस स्टैण्ड पर नालों सहित अन्य स्थानों से अतिक्रमण हटवाने के कार्य में नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा है। स्वच्छता अभियान के दौरान अधिशासी अधिकारी सुरजीत गौतम, लिपिक संजीव कुमार शील, सफाई नायक भूपेन्द्र वाल्मीकि, शिवकुमार, सुभाषचन्द, ब्रहमसिंह आदि मौजूद रहे।

# इंटर डिस्ट्रिक स्पोर्ट्स गेम्स में लगभग ३०० खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया



जानसठ, २ अगस्त (बु.)। एंबिएंस एकडेमी में आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता इंटर डिस्टिक स्पोर्ट्स गेम्स में कराटे, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, लूडो, चेस, वॉलीबॉल, योगा सहित कई खेल मुजफ्फरनगर के जानसठ तहसील के तालड़ा गाँव निवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ मुजफ्फरनगर के प्रेसिडेंट सेंसेई निखिल कुमार द्वारा किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित जानसठ ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र चौधरी, चौधरी हरेंद्र सिंह अहलावत व पूर्ण परिवार, जानसठ से समाज सेविका विभा सिंह, जयप्रकाश कश्यप, सुनील कश्यप, गौरव सिंघल, अनुज सैनी, विकास विश्वकर्मा, शिवम पवार उत्तर प्रदेश पुलिस व देवबंद से भारतीय खेल संघ के जनरल सेक्रेटरी बसंत उपाध्याय, नीरज सैनी, जगमोहन आर्य, समेत कई अतिथियों का भारतीय संस्कृति के अनुरूप जानसठ कराटे क्लास की छात्राओं ने आरती वंदन कर अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद खेल की शुरुआत हुई, जिसमें लगभग ३०० खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें मेरठ से स्पोर्ट टीचर प्रभा ठाकुर, मोरना से आर्मी रिटायर्ड मोती पवार, मुजफ्फरनगर से कराटे टीचर नीरज सैनी, सहारनपुर के देवबंद से बसंत उपाध्याय, अमरोहा से कोच हैप्पी चौहान, जानसठ से योगा टीचर विवेक आर्य, विजय आर्य, जानसठ से बैडमिंटन कोच सौरभ आर्य, विनय आर्य, के निगरानी में खेल संपन्न हुआ। लगभग ५० गोल्ड, ५० सिल्वर बाकी सब खिलाड़ियों को पार्टिसिपेट सर्टिफिकेट व ब्रोंज मेडल देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के आयोजक सेंसर निखिल कुमार ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खिलाड़ियों का राज्य स्तर के लिए चयन किया।




# उत्तर प्रदेश में फिर उठी अलग पश्चिमांचल राज्य बनाने की मांग

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। सोमवार को पश्चिमांचल निर्माण संगठन से जुड़े दर्जनों लोगों ने डीएम कार्यालय पर इस बीच विरोध प्रदर्शन किया। डीएम कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए पहुंचे संगठन के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश में अलग प्रदेश बनाये जाने की मांग करते हुए प्रशासन को मांग पत्र सौंपा। प्रधानमंत्री के नाम नगर मजिस्ट्रेट को उक्त सौंपे ज्ञापन में संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे न मानी गई तो बड़ा आन्दोलन किया जाएगा। पश्चिमांचल निर्माण संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने पीएम के नाम ज्ञापन में बताया कि आबादी तथा क्षेत्रफल के हिसाब से उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है, जिसमें 25 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या के साथ दुनिया के 5वें बड़े देश के समकक्ष है। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्रदेश के 75 जिलों में 822 ब्लॉक और 52,000 ग्राम पंचायत हैं, इसके चलते आजादी के 71 वर्षो बाद भी अभी तक कानून व्यवस्था से लेकर शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, रोजगार, विकास के हर पैमाने पर उत्तर प्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में बहुत ज्यादा पिछड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जिलों से 700 किमी तक की दूरी पर है। वहीं प्रदेश के तमाम विभागों के मुख्यालय लखनऊ, कानपुर और इलाहाबाद में है, जिसके चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं तमाम समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में संगठन ने बताया कि प्रदेश का उच्च न्यायालय इलाहाबाद भी 850 किमी की दूरी पर है, जहां के लोगों को मुकदमों की पैरवी के लिए हाई कोर्ट पहुंचने में धन एवं समय की बर्बादी होती है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आय से 70 से 80 प्रतिशत तक की भागीदारी है। प्रदेश में 30 स्टेट यूनिवर्सिटी में पश्चिम में 8 करोड़ के लिए मात्र 6 ही हैं। वहीं सेंट्रल यूनिवर्सिटी 5 में से सिर्फ एक और 30 मेडिकल कॉलेजों में से सिर्फ पांच ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हैं। उन्होंने दावा किया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के लिए 1953 में चौ. चरण सिंह समेत प्रदेश के 97 विधायकों ने राज्य पुनर्गठन आयोग के समक्ष प्रतिवेदन दिया था, जिसमें 1955 में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने यूपी के बंटवारे की वकालत की थी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो संगठन बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

## सम्मन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर**

**वाद सं. टी 20200955104592 सन् 2020**

1. नईम पुत्र मंजूर निवासीगण ग्राम रथेड़ी, परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर
2. मुनीर पुत्र मंजूर .............वादीगण

बनाम

1. मंगता पुत्र नजीर 2. खुरशैद पुत्र नजीर 3. मौ. सनव्वर पुत्र स्व. मूसा
4. मौ. सनव्वर पुत्र स्व. मूसा 5. श्रीमती मौहम्मदी पत्नी स्व. मूसा 6. श्रीमती जसवंती पत्नी सलेक चंद
7. मौ. फाजिल पुत्र युनुस 8. मौ. शहजाद पुत्र मुर्तजा
9. मौ. शाहनवाज नाबालिग आयु 13 वर्ष पुत्र मुस्तफा वली व संरक्षिका माता मशरूफा पत्नी मुर्तजा

समस्त निवासीगण ग्राम रथेड़ी, परगना तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर

10. मौ. तैय्यब 11. सैय्यद हसन ! पुत्रगण खलील अहमद, निवासीगण ग्राम बझेड़ी
12. मौ. मुर्तजा 13. मौ. अहतशाम ! परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर
14. ग्राम पंचायत ग्राम नसीरपुर, परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा ग्राम प्रधान ........प्रतिवादीगण

मौजा– नसीरपुर, धारा– 116 यू.पी.आर.सी. – 2006

दरगाह वादीगण ने आपके नाम उक्त वाद नालिश बाबत तकसीम हेतु दायर कर रक्खा है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 11–8–2021 को 10 बजे प्रातः में असालतन या मार्फत वकील, जो मुकदमा हालात करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहत मुतालिका मुकदमा को जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो, जो कि जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर और जवाबदेही और उसी रोज अपना जुमला गवाही को, जिसकी शाहदत पर निजि तमाम दस्तावेजी को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हों, पेश करें अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजरी आपके मसमूह फैसला होगा।

**बस्बत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में आज बतारीख 02-08-2021 को जारी किया गया।**

*सील न्यायालय*

आज्ञा से
उप जिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट सदर, मुजफ्फरनगर

1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# हॉकी टीमों का जलवा

टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय पुरुष व महिला हॉकी टीमें बेहतरीन खेल दिखा रही हैं। इन दोनों टीमों के लिए भारतीय खेल प्रेमी क्रिकेट की तरह ही उत्सुकता दिखा रहे हैं। टोक्यो ओलिंपिक में भारत की महिला हॉकी टीम ने इतिहास रच दिया है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर पहली बार ओलम्पिक के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इस जीत के बाद क्रिकेट की दीवानगी वाले देश में हॉकी ने जबरदस्त पकड़ बनाई है। फैन्स इस जीत को 2011 क्रिकेट वर्ल्डकप के क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर मिली जीत से भी बड़ी बता रहे हैं। जब भारत ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, उस वक्त ऑस्ट्रेलियाई टीम वर्ल्ड नंबर-1 थी। गुरजीत कौर का गोल सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा ट्रेंड कर रहा है। यूजर्स का कहना है कि क्रिकेट के बाद हॉकी को भी नई 'वॉल' मिल गई है। भारतीय गोलकीपर सविता पूनिया ने ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड को अकेले संभाले रखा और उन्हें कोई गोल नहीं करने दिया। देश की बेटियों की कामयाबी पर अब पूरा देश जश्न मना रहा है। क्रिकेट के लिए जिस तरह स्टेडियम में फैन्स, इंडिया-इंडिया चिल्लाते थे, अब यही इंडिया- इंडिया की गूंज हॉकी में सुनाई दे रही है। महिला टीम की ये जीत बेहद चौंकाने वाली है, क्योंकि 1980 के बाद भारतीय टीम सिर्फ 2016 में रियो ओलम्पिक के लिए क्वालिफाई कर पाई थी। 2016 में भी टीम 12वें स्थान पर रही थी, लेकिन अब इस जीत ने यह तय कर दिया कि देश की लड़कियां किसी मायने में लड़कों से कम नहीं हैं। जो खेल प्रेमी ग्रुप स्टेज में महिला टीम की लगातार 3 हार के बाद उम्मीद छोड़ चुके थे, वे अब इस टीम से मेडल की उम्मीद कर रहे हैं। इससे पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ब्रिटेन को 3-1 से हराकर टोक्यो ओलम्पिक के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। 49 साल बाद भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले 1972 में आखिरी बार हमारी टीम अंतिम चार में पहुंची थी। 1980 में हमने गोल्ड जरूरत जीता था, लेकिन उस ओलम्पिक में लीग मैचों के बाद सीधा फाइनल हुआ था। सेमीफाइनल का फॉर्मेट था ही नहीं। अब भारत की भिड़ंत वर्ल्ड नंबर-1 बेल्जियम से होगी। बेल्जियम की टीम इस समय हॉकी की वर्ल्ड चैंपियन है। साथ ही उसने यूरोपियन चैंपियनशिप का खिताब भी जीता है। पिछले ओलिंपिक में बेल्जियम को फाइनल में अर्जेंटीना से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उसके बाद से इस टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है और बड़े खिताब जीतना भी शुरू कर दिया है। बेल्जियम की टीम इस ओलम्पिक में अब तक सबसे ज़्यादा गोल करने वाली टीम है। उसने क्वार्टर फाइनल सहित कुल 29 गोल किए हैं। यानी उसके तमाम खिलाड़ी इस समय बेहतरीन गोल स्कोरिंग फॉर्म में है। लिहाजा भारत को अपने डिफेंस पर बहुत अधिक ध्यान देना होगा। बेल्जियम की टीम इस समय डिफेंस के मामले में दुनिया की सबसे मज़बूत टीम मानी जाती है। इसका सबूत इस ओलम्पिक में भी देखने को मिला। बेल्जियम ने अब तक सिर्फ 10 गोल खाए हैं और इस मामले में सबसे बेहतर टीम साबित हुई है। 11 गोल खाकर ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर है। भारत ने अब तक 18 गोल किए हैं और 14 गोल खाए हैं। यानी गोल करने और गोल खाने दोनों के मामले में भारत का रिकॉर्ड इस ओलम्पिक में बेल्जियम की तुलना में कमज़ोर रहा है। भारत ने रियो ओलम्पिक में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। अंतिम 8 के मुकाबले में बेल्जियम ने ही भारत को हराया था। इस बात का साइकोलॉजिकल एडवांटेज बेल्जियम के पास हो सकता है। बेल्जियम ने रियो ओलम्पिक में सिल्वर मेडल जीता था। बेल्जियम की टीम भले ही काफी ताकतवर हो, लेकिन एक फैक्ट ऐसा है, जिससे भारतीय फैंस खुश हो सकते हैं। भारत ने बेल्जियम को पिछली पांच में से चार भिड़ंत में हराया है। भारतीय टीम ने 2019 में बेल्जियम दौरे पर इस टीम के लिए लगातार तीन मैच जीते थे। एक मैच तो भारतीय टीम 5-1 से एकतरफा अंदाज में जीती थी। भारतीय महिला हॉकी टीम पहली बार ओलम्पिक के सेमीफाइनल में पहुंची है। भारत ने क्वार्टर फाइनल में 3 बार की ओलम्पिक चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया है। भारत के लिए एकमात्र गोल गुरजीत कौर ने 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया। अब सेमीफाइनल में टीम इंडिया का सामना 4 अगस्त को अर्जेंटीना से होगा। अर्जेंटीना ने क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है। फिल्म 'चक दे इंडिया' में कोमल चौटाला का किरदार निभाने वाली चित्रांशी रावत ने भी टीम इंडिया की जीत पर खुशी जाहिर की। चित्रांशी ने कहा कि आज लड़कियों ने दिन बना दिया। अगस्त के महीने में ही हमारी फिल्म आई थी और इसी महीने हमें जीत मिली है। महिला हॉकी टीम की यह जीत कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिशनर बैरी ओ फैरेल ने भी टीम इंडिया को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह एक मुश्किल मैच था, लेकिन आपके डिफेंस को हमारे खिलाड़ी नहीं भेद सके। सविता पूनिया को बैरी ने ग्रेट वॉल ऑफ इंडिया बताया। उन्होंने कहा कि सविता मजबूती से खड़ी रहीं और ऑस्ट्रेलिया को गोल करने से रोका। सेमीफाइनल और ग्रैंड फाइनल के लिए शुभकामनाएं। राजनेताओं से लेकर एक्टर समेत कई लोगों ने महिला हॉकी टीम बधाई दी है। कई लोग चक दे इंडिया के कैप्शन के साथ इंडियन विमेंस टीम की तस्वीर शेयर कर रहे हैं। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, किरण रिजिजू और स्मृति ईरानी समेत अन्य बड़े नेताओं ने भी महिला टीम को बधाई दी है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट कर लिखा कि महिला हॉकी टीम पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची है। 130 करोड़ लोग देश की महिला हॉकी टीम के साथ हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने लिखा कि टीम इंडिया के प्रदर्शन पर हर किसी को गर्व है। कुछ जीत बहुत यादगार होती हैं, आपको खेलते हुए देखना हमारे लिए बेहतरीन अनुभव है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'पुस्तकें' 'फ़ोटो' 'फ़लक' 'ज़मीं'
न अपनी पुस्तकें छपती, न अपने फ़ोटो छपते हैं,
बनावट दूर रहती है,सियासत दूर रखते हैं।
हमें मालूम है एक दिन हमें मिट्टी में मिलना है,
फ़लक को चूम कर भी हम,ज़मीं से इश्क़ करते हैं।

# रिक्शा-तांगा स्टैंड की दीवार गिराने का लगाया आरोप

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। भोपा बस स्टैंड के पास प्रशासन द्वारा बनाए सरकारी रिक्शा-तांगा स्टैंड की दीवार को गिराने को लेकर सोमवार को दर्जनों लोगों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में रिक्शा-तांगा स्टैंड की दीवार बनाए जाने की मांग के साथ दोषियों पर सख्त कार्रवाई कराए जाने की मांग की। रिक्शा मालिकान व चालक एसोसिएशन के बैनर तले सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर दर्जनों पदाधिकारियों ने संगठन के जिलाध्यक्ष मौहम्मद खालिद के नेतृत्व में डीएम के नाम नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में संगठन ने भोपा रोड स्थित रिक्शा-तांगा स्टैंड की दीवार को गिराए जाने पर रोष व्यक्त किया गया। प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने रिक्शा-तांगा स्टैंड की दीवार गिरायी है, उनकी अब मंशा इस रिक्शा-तांगा स्टैंड के टीन शैड को खुर्द बुर्द करने की है, ताकि वह अपनी दुकानों का संचालन स्वतंत्र रूप से कर सके। संगठन ने ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के साथ ही रिक्शा-तांगा स्टैंड की दीवार का निर्माण कराए जाने की मांग की है। संगठन ने आरोप लगाया कि उक्त मामले की पालिका प्रशासन से शिकायत की गई थी, लेकिन वहां से कोई राहत न मिल पाने पर आपसे न्याय की मांग की गई है।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक का हुआ आयोजन

भोपा, २ अगस्त (बु.)। भाजपा की बेहड़ा सादात कार्यसमिति की बैठक का आयोजन कर संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया। बेहड़ा सादात भाजपा मंडल की कार्यसमिति की एक बैठक का आयोजन खाईखेड़ा के शिव मंदिर प्रांगण में किया गया। बैठक में बोलते हुए जिला कार्यकारिणी के भाजपा सदस्य रविंद्र बेनीवाल ने संगठन को मजबूत करने व भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को आमजन मानस तक पहुंचाने पर जोर दिया तथा २०२२ होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर जोर देते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ को दोबारा उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं से कमर कसकर तैयार रहने को कहा वहीं बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता दिनेश सैनी व संचालन संदीप शर्मा ने किया।




# 05 अगस्त को प्रत्येक उचित दर की दुकान पर मनाया जायेगा "अन्न महोत्सव"

मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (सूवि)। डीएम चन्द्रभूषण सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के सभी उचित दर विक्रेताओं के यहां ०५ अगस्त को "अन्न महोत्सव" मनाने का निर्णय लिया गया है। अन्न महोत्सव के दिन उचित दर विक्रेताओं से संबद्ध कार्डधारकों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का निःशुल्क खाद्यान्न एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से संबंधित जानकारी प्रिंट किया हुआ बैग निःशुल्क वितरित किया जायेगा। डीएम चन्द्रभूषण सिंह आज जिला पंचायत सभागार में ५ अगस्त को आयोजित होने वाले अन्न महोत्सव के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए सभी को निर्देश दिये कि अन्न महोत्सव का आयोजन जनपद में सफलतापूर्वक संपन्न किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि ५ अगस्त से पूर्व प्रत्येक उचित दर दुकान पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। प्रत्येक उचित दर दुकान पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के संबंध में आम जनता में जागरूकता पैदा करने के लिये संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक द्वारा प्रचार-प्रसार भी कराया जायेगा। 'अन्न महोत्सव' के दिन प्रत्येक उचित दर दुकान पर कोविड प्रोटोकोल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक उचित दर दुकान पर टेलीविजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी, ताकि वहां उपस्थित जनमानस, जिसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से अनाच्छादित व्यक्ति भी होंगे, उक्त प्रसारण को देख सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा आलोक कुमार, सभी एसडीएम, डीएसओ बी. के. शुक्ला सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।




# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की जिला इकाई ने सोमवार को डीएम कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा शासन में बढ़ती महंगाई के साथ ही गन्ने के मूल्य बीते चार वर्षों में कोई बढ़ोतरी न होने पर गुस्सा व्यक्त किया। इस दौरान पार्टी की ओर से सौंपे ज्ञापन में कोरोना महामारी में बढ़ी मरीजों की संख्या के बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मैडिकल अस्पताल खोले जाने के साथ शुकतीर्थ में एम्स खोले जाने की मांग की। सोमवार को डीएम कार्यालय पर पहुंचे सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की जिला इकाई ने जिलाध्यक्ष सोमेश गौतम के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह को सौंपे ज्ञापन में पार्टी नेतृत्व की ओर से तीन सूत्रीय ज्ञापन में भाजपा शासन में बढ़ती महंगाई के साथ ही गन्ने के बीते चार वर्षों में कोई बढ़ोतरी न होने पर गुस्सा व्यक्त किया। इस दौरान पार्टी की ओर से सौंपे ज्ञापन में कोरोना महामारी में बढ़ी मरीजों की संख्या के बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मैडिकल अस्पताल खोले जाने के साथ शुकतीर्थ में एम्स खोले जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से रामपाल मांडी, मौ. इमरान तेवड़ा, राजकुमार, नोमान अली, अनवर, मुकेश शर्मा, बालेश, विमला, कमला, मोमिन, मौलाना आजम समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रावण के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में किया जलाभिषेक

भोपा, २ अगस्त (बु.)। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को क्षेत्र के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की दिन भर भीड़ लगी रही। शिव भक्तों ने व्रत रखकर शिवजी की पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान कई मंदिरों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। सिद्धपीठ नीलकंठ महादेव मंदिर फिरोजपुर में शिवलिंग पर जल चढ़ाने को शिवभक्तों की दिन भीड़ लगी रही। कस्बा भोकरहेड़ी, ककरौली, बेहड़ा सादात, भोपा, जट मुझेड़ा, वजीराबाद आदि के शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया गया। तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में गंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर शुकदेव मंदिर, हनुमद्धाम, शिवधाम, श्री विश्वनाथ महादेव, दंडी आश्रम आदि में शिवजी की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। शिव धाम में पंडित ध्रव दत्त शास्त्री ने बेल पत्र, भांग, धतुरा, दूध, दही, शहद से भगवान शिव का विशेष रूद्राभिषेक संपन्न कराया। सिद्ध पीठ प्राचीन जुड़ेश्वर महादेव मंदिर ककराला पर सोमवार की सुबह ही श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। गांव छछरौली, वजीराबाद, ककराला, भोपा, मोरना आदि गांवों से आए महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर शिवलिंग पर जल चढ़ाया। इस दौरान कई मंदिरों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

**गोदाम किराये हेतु**

चार गोदाम, साइज 80×70, 95×30, 80×30, 70×17 फुट ग्राउण्ड फ्लोर पर बने हुए मेन रोड, निकट लक्ष्मी धर्मकांटा, अलमासपुर, मुजफ्फरनगर में किराये हेतु खाली हैं।

-ः तुरंत सम्पर्क करें ः-
9837779234

आकर्षक छूट के साथ मकान बिकाऊ है।

एक मकान 338 गज में दो मंजिला बना हुआ शहरी क्षेत्र के ठाकुरद्वारा (निकट जैन मंदिर, भारत माता चौक) पर तुरंत बिकाऊ है। उक्त मकान को दो हिस्सों में भी दिया जा सकता है।

-ः सम्पर्क करें ः-
9871422666

# जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने फीता काटकर किया विभिन्न अभियानों का शुभारंभ

मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बुस.)। जनपद में सोमवार को सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा व राष्ट्रीय कृमि मुक्ति माह एवं विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिला महिला चिकित्सालय में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा फीता काटकर अभियानों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए यह तीनों ही अभियान उनके पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े हैं। सभी अभिभावक अपने बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें तथा आवश्यकता होने पर उन्हें ओआरएस का घोल जरूर दें तथा मां अपने बच्चे को स्तनपान कराएं। साथ ही सभी अपने बच्चों को पेट के कृमि निकालने की गोली अवश्य खिलाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा दो अगस्त से १४ अगस्त २०२१ तक के मध्य चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत ऐसे समस्त परिवार जिनमें पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे हों, ऐसे घरों में आशा कार्यकर्ता जाकर ओआरएस पैकेटों का वितरण करेंगी। साथ ही दस्त प्रबंधन के बारे में बच्चों के अभिभावकों को जागरूक करेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति माह का भी सोमवार से आरंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत पेट के कृमि निकालने के लिए एक साल से दो साल तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली तथा दो वर्ष से १६ वर्षीया बच्चों व किशोर-किशोरियों को पूरी एक गोली खिलाई जाएगी। यह गोली आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों को अपने सामने खिलाएंगी। इसके साथ ही जनपद में सोमवार से विश्व स्तनपान सप्ताह का भी शुभारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए जनपद में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस अवसर पर महिला चिकित्सा अधीक्षिक डॉ. आभा आत्रेय, डॉ. शरण सिंह, डॉ. अरविंद पवार, डॉ. गीतांजलि वर्मा, डॉ. अनुज निर्वाल, विपिन कुमार, अनुज सक्सेना, प्रियंका तोमर, अक्षय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिवसेना ने सोमवार को किया भण्डारे का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। शिवसेना की जिला इकाई ने सोमवार को श्रावण माह के द्वितीय सोमवार पर एक भण्डारे का आयोजन किया। नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर स्थित हनुमान मंदिर पर किए गए भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जिला प्रमुख बिट्टू सिखेड़ा ने बताया कि शिवसेना द्वारा बीते कई वर्षों से शिवसेना द्वारा संचालित कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है जो कि विगत दो वर्षों से कोरोना महामारी के चलते प्रशासन द्वारा कांवड़ यात्रा को स्थगित करने के कारण बंद है। सोमवार को इसी परंपरा को अपनाते हुए शिवसेना की कार्यकारिणी की संपन्न बैठक में इस बार एक दिवसीय विशाल भण्डारे का आयोजन करने का फैसला लिया गया। इस भंडारे में मुख्य रूप से जिला प्रमुख बिट्टू सिखेड़ा, राजीव गर्ग, राजकुमार डहारिया, जल सिंह वर्मा, भूपेश त्यागी, राहुल पांडेय, सतीश वर्मा, सौरभ राजपूत, नवीन कश्यप, विशाल डहारिया, कपिल, कालूराम सैनी, सुनील सैनी, राधेश्याम कश्यप, संदीप ठाकुर, पंकज, मनीष कुमार, अवि, लोकेश सैनी, यश गुप्ता, अर्जुन पंडित, निक्की, अशोक गुप्ता, सचिन, सचिन, उदय, अर्जुन राठी, सुभाष चन्द सैनी, प्रमोद शर्मा, सुरेश आदि मौजूद रहे।

## ऊंची कूद में पेश की अद्भुत खेल भावना

टोक्यो, 02 अगस्त (वार्ता)। टोक्यो ओलम्पिक में एथलेटिक्स मुकाबलों के ऊंची कूद फ़ाइनल में विजेता बने दोनों खिलाड़ियों ने खेल भावना की ऐसी अछूत मिसाल पेश की कि सुनने और देखने वाले दोनों ही हैरत में पड़ गए। हाई जंप के फाइनल में 30 साल के बरशीम और 29 साल के टेम्बरी ने 2.37 मीटर जंप के साथ मुकाबला खत्म किया। दोनों ने 2.39 मीटर जंप करने की कोशिश की लेकिन दोनों नाकाम रहे। इस ऊंचाई पर बरशीम और टेम्बरी दोनों ने तीन-तीन कोशिश की और तीनों में फेल रहे। इस पर ओक्लम्पिक ऑफिशियल ने दोनों को जंप ऑफ के बारे में बताया और कहा कि इसमें जो जीतेगा वह गोल्ड मेडल ले जाएगा, लेकिन इसी दौरान बरशीम ने पूछा कि क्या दोनों को गोल्ड मिल सकता है। इस पर अधिकारी ने हामी भरी। ऐसा होने की देर थी कि दोनों खिलाड़ी गले मिल लिए और बिना बातचीत किए ही तय हो गया कि मेडल शेयर होगा।




# ऑनलाइन नेशनल अबेकस प्रतियोगिता में देश भर के ४२०० बच्चों ने प्रतिभाग किया

मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बुस.)। कल रविवार को सिप अबैकस न्यू मंडी सेंटर में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया। इस वर्ष सेंटर के ५५ बच्चों को ग्रेडमास्टर यानी पूरा अबेकस कोर्स कंप्लीट करने पर ग्रेजुएशन डिग्री देकर सम्मानित किया गया। 'सेंटर डॉयरेक्टर रीना अग्रवाल ने बताया कि सेंटर के १५ वर्ष पूर्ण होने पर जनवरी से अब तक अनेकों प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा चुका है। इसी वर्ष सिप अबैकस कंपनी द्वारा ऑनलाइन नेशनल अबेकस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें देश भर के ४२०० बच्चों ने प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में थी, जिसमें राज्य और नेशनल स्तर पर दोनों में इस सेंटर के बच्चों ने अनेकों पुरस्कार प्राप्त किए। नई मंडी सेंटर ने अपने शहर का नाम रोशन करते हुए २२ ट्रॉफीज जीतकर पूरे देश के ७५० सेंटर में छठा स्थान प्राप्त किया। कल उन्हीं की अवॉर्ड सेरेमनी की गई और इन प्रतियोगिताओं में जीते हुए बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रति वर्ष की भांति न्यू मंडी सेंटर से पास हुए बच्चे जो विभिन्न स्कूलों में पढ़ते हैं, १२वीं कक्षा में उनके अभूतपूर्व परिणाम पर उनको प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस वर्ष इस सेंटर के २५ बच्चों ने बारहवीं कक्षा का इम्तहान दिया था। स्पर्श सिंगल ने ९९%, सृष्टि सिंह ९७.६%, भव्या मित्तल ९८.४%,पलक भरद्वाज ९६.४%, लक्ष्य गर्ग ९३.२%, निहारिका गर्ग ९६.६% सलोनी बंसल ९६.४%, दिव्यांश गर्ग ९३% वेदांश बालियान ९४.८% नंदिनी उत्तरेजा ९०.२% अनंत सिंगल ९२.४% सृष्टि शर्मा ८९% वसुंधरा जैन ८९% बाकी अन्य सभी ने अच्छे परसेंटेज लाकर इस सेंटर का नाम रोशन किया और अपनी सफलता में इस सेंटर के योगदान को भी याद किया। 'इसके अतिरिक्त 8 Level Complete करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस सेंटर के प्रत्येक कार्यक्रम एव बच्चों की सफलता सीए अजय अग्रवाल और यहां की शिक्षिकाओं गुंजन भार्गव, मोनिका अग्रवाल, उदिता, मोनिका जैन, चेरी गर्ग प्रीति सिंगल और दीपिका तायल का महत्वपूर्ण है।

## जुलाई महीने में 164 रेल डिब्बों का रिकार्ड उत्पादन

कपूरथला, 02 अगस्त (वार्ता), रेल कोच फैक्टरी कपूरथला ने जुलाई माह में 164 डिब्बों का निर्माण कर एलएचबी डिब्बों के निर्माण में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पहले पिछले वर्ष 2020 - 21 के जुलाई महीने में आरसीएफ ने 151 डिब्बों का निर्माण किया था जबकि वर्ष 2019 -20 के जुलाई महीने में आरसीएफ द्वारा 123 डिब्बे बनाए गए थे। इस जुलाई में आरसीएफ द्वारा 6.07 की प्रतिदिन कोच निर्माण औसत से डिब्बे बनाए गए जबकि वर्ष 2020-21 और 2019-20 के जुलाई महीनो में क्रमवार 5.59 और 4.73 की प्रतिदिन कोच निर्माण औसत हासिल की गयी।

**5 ट्रक ड्राईवरों की आवश्यकता है**

मित्तल वैसल्स प्राइवेट लिमिटेड

सैलरी 12000 रुपये महीना

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
7 किमी. स्टोन, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

आईडी प्रूफ व ड्राईविंग लाइसेंस लाना अनिवार्य होगा।

Ph. 9927500022
9690755157
9761214080

# प्रधान के भतीजे के अपहरण की सूचना से मचा हड़कंप

भोपा, २ अगस्त (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव कादीपुर निवासी ग्राम प्रधान शौकीन कुमार का भतीजा आदित्य १२ वर्ष परिवार के व्यक्ति द्वारा संचालित फोटोग्राफी की दुकान पर काम करता है। आरोप है कि सोमवार दोपहर एक युवक दुकान पर आया और वहां प्रधान के भतीजे १२ वर्षीय को बहला-फुसलाकर उसी की साइकिल पर बैठाकर युसुफपुर चौराहे से आगे तिस्सा मार्ग पर ले गए, जहां दो युवकों और मिले। प्रधान के भतीजे ने जब वापस घर जाने को कहा, तो उसके साथ मारपीट की। मारपीट के बाद किशोर ने शोर मचा दिया, जिससे राहगीरों को आता देख तीनों युवक प्रधान के भतीजे को छोड़ साइकिल लेकर मौके से फरार हो गए। प्रधान द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।




**रस्म पगड़ी**

ੴ ੴ

जन्मतिथि
18.11.1925

निर्वाण तिथि
31.07.2021



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्यारे दादाजी **डॉ. उजागर सिंह सलूजा (डेंटिस्ट)** का स्वर्गवास दिनांक 31.07.2021 दिन-शनिवार को हो गया है। अकाल पूरख की ऐसी ही इच्छा थी। अंतिम अरदास **दिनांक 04.08.2021, दिन-बुधवार** को अपराह्न 12:00 बजे से 1:00 बजे, निज निवास स्थान - मकान नं. 37, गली नं.14, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर पर होना निश्चित हुई है।

**शोकाकुल परिवार**

प्रतिष्ठान :- डॉ. उजागर सिंह सलूजा
झांसी की रानी,
मुजफ्फरनगर
मो. : 9897523809

स्व. डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह सलूजा (पुत्र)
स्व. हरभजन कौर (पुत्रवधू)
चेतन मदान (दामाद)
जसलीन कौर (बिन्नी) (पौत्री)
बबलीन कौर (लीजा) (पौत्री)

**निवास :-**
मकान नं. 37, गली नं. 14, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर




**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मौहम्मद जैद (MOHD ZAID) से बदलकर मौहम्मद जैद सिद्दकी (MOHD ZAID SIDDIQUI) रख लिया है, अब भविष्य में मुझे मौहम्मद जैद सिद्दकी (MOHD ZAID SIDDIQUI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**मौहम्मद जैद सिद्दकी**
(MOHD ZAID SIDDIQUI)
पुत्र वसीम अहमद
निवासी : 1097, मल्हूपुरा,
मुजफ्फरनगर-251001

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का शान मौहम्मद पुत्र आस मौहम्मद, निवासी म.नं. 883-भूड़ खतौली, थाना व तहसील खातौली, जिला मुजफ्फरनगर गलत संगत में पड़ गया है तथा वह मेरे कहने में नहीं रहा है। उसके द्वारा किये गये अच्छे व बुरे कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिए मैंने उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

**आस मौहम्मद**
पुत्र मौ. यामीन
निवासी : 883-भूड खतौली,
तहसील व थाना खतौली,
जिला मुजफ्फरनगर

# मां की डांट से घर से निकला बालक कैराना पुलिस ने किया माता-पिता के सुपुर्द

कैराना, २ अगस्त (बु.)। मां के डांटने से नाराज होकर कैराना पहुंचा बालक, इस सूचना पर कैराना कोतवाली पुलिस ने बालक से पूछताछ कर उसके माता-पिता को कोतवाली बुलाकर उनके सुपुर्द किया। सोमवार को कैराना कोतवाली पुलिस एवं ११२ डायल पुलिस शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से शामली के कैराना रोड पर गश्त कर रही थी कि तभी पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध बालक इधर-उधर घूम रहा है। सूचना पर कैराना पुलिस ने बालक को अपनी कस्टडी में ले लिया और कोतवाली लाकर पूछताछ की, जिस पर बालक ने पुलिस को बताया कि किसी बात पर उसकी माता ने उसको डांटा है, जिससे वह गुस्सा होकर हरियाणा के पानीपत से अमरुद बेचने वाले टेंपो में बैठकर कैराना पहुंच गया। उधर कैराना पुलिस ने उसके माता-पिता को कोतवाली बुलाकर बालक को उनके सुपुर्द कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह ने बताया कि बालक का नाम कर्ण पुत्र राजवीर सिंह निवासी सेक्टर ११ चुंगी पानीपत हरियाणा है, जो गुस्से में आकर अपने घर से निकलकर कैराना पहुंच गया है, जिसको उनके माता पिता को सुपुर्द किया गया है। उन्होंने कहा कि बालक को समझा कर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उसकी उम्र लगभग १२ वर्ष बताई गई है।

## अगले वर्ष फरवरी में नहीं लगेगा ऑटो एक्सपो

नयी दिल्ली, 02 अगस्त (वार्ता)। वाहन निर्माताओं के शीर्ष संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स ने अगले वर्ष फरवरी में होने वाले ऑटो एक्सपो द मोटर शो 2022 का आयोजन कोरोना महामारी के कारण टाल दिया है। सियाम ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि ऑटो एक्सपो - द मोटर शो 2022 अगले साल 2 से 9 फरवरी के बीच ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण मौजूदा अनिश्चितताओं के कारण इसकी तारीखें आगे बढ़ा दी गई हैं।

# एसडी ग्रुप ऑफ कालेज के छात्रों ने पत्रकारिता एवं जनसंचार में किया जिला टॉप

मुजफ्फरनगर, २ अगस्त (बुस.)। भोपा रोड स्थित एसडी ग्रुप ऑफ कालेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार के विद्यार्थियो ने पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में शत-प्रतिशत उत्तीर्ण होकर जिले में टॉप रैंक हासिल की है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा घोषित सत्र २०२०-२१ की परीक्षा में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विभाग के छात्रों में अंजली तोमर व आर.जे. सम्पदा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से ७८.६ प्रतिशत अंक प्राप्त कर पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में जिला टॉप किया। द्वितीय स्थान पर शिवानी ७७.६ प्रतिशत अंकों के साथ तथा रमशा मसूद ७७.४ अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेडियो एस.डी. ९०.८ एफ.एम. के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने परीक्षा में उत्तम अंक प्राप्त करने पर सभी को इसी प्रकार से आगे बढ़ते रहने के लिए आह्वान किया। एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमैंट के प्रधानाचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि जो छात्र-छात्राएं इस बार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्रात नहीं कर पाए, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है, वें खूब मेहनत करें और अगली बार अच्छे अंक लाकर अपना और कॉलेज का नाम रोशन करें। उत्तीर्ण हुए छात्रों ने कहा कि कोविड-१६ की आपदा में भी महाविद्यालय के अध्यापकों ने हमें लगातार कक्षाएं देने का कार्य किया तथा महाविद्यालय के अध्यापक हमारे लिए हर समय उपल्बध रहे। हम अपनी सफलता का श्रेय अपने अध्यापकों तथा अपने माता पिता को देते हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष रोहन त्यागी ने कहा कि पत्रकारिता एवं जनसंचार एक प्रयोगात्मक कोर्स है। इस माहमारी में भी अध्यापकों एवं छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। हम भविष्य में भी छात्रों के लिए उपयुक्त वर्कशॉप एवं कार्यशालाओं का आयोजन करते रहेंगे, जिससे छात्रो को व्यावहारिक ज्ञान हो सके छात्रो के उज्वल भविष्य के लिए आगामी वर्ष में फिल्म महोत्सव एवं चित्र प्रर्दशनी लगायेंगे, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# 15 सितम्बर से होगी सेना भर्ती रैली

## ❑पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जिले के युवाओं को मौका
## ❑2 सितम्बर को पंजीकृत मेल से भेजे जाएंगे प्रवेश पत्र

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। सेना भर्ती कार्यालय मेरठ की ओर से मुजफ्फरनगर के चौधरी चरण सिंह स्टेडियम में अब फिर से सेना भर्ती रैली का आयोजन होने जा रहा है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को आने वाले दिनों में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका मिलेगा, वहीं देश सेवा के बूते पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं को भविष्य में अपनी पहचान बनाने के बेहतर मौका मिलेगा।

सोमवार को सेना भर्ती दफ्तर मेरठ की ओर से जारी जानकारी में एआरओ अनिल सिंह की ओर से जारी निर्देशों में भर्ती रैली के लिए जिल अभ्यर्थियों ने अपने आवेदनों का पंजीकरण 13 मार्च से 26 अप्रैल तक किए थे, उन्हें अब 17 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होने वाली सेना भर्ती रैली में अब प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। सेना भर्ती कार्यालय मेरठ की ओर से जारी निर्देशों में ऐसे तमाम अभ्यर्थियों को रैली के लिए प्रवेश पत्र 3 सितम्बर को पंजीकृत ई-मैल के माध्यम से भेजे जाएंगे। उक्त सेना भर्ती मुजफ्फरनगर के साथ शामली, सहारनपुर, बिजनौर, अमरोहा, रामपुर, मुरादाबाद, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद और हापुड़ जिले के युवाओं के लिए आयोजित की जा रही है। भर्ती रैली में शामिल विभिन्न पदों में सोल्जर जनरल ड्यूटी, सोल्जर टेक्निकल, सोल्जर नर्सिंग असिस्टेंट या नर्सिंग असिस्टेंट वेटरनरी, सोल्जर क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्निकल और सोल्जर ट्रेड्समैन के लिए 10वीं उत्तीर्ण व सोल्जर ट्रेड्समैन आठवीं पास के युवाओं के लिए आयोजित की जा रही है। युवाओं को इस सेना भर्ती रैली का लंबे समय से इंतजार था। जनपद में उक्त सेना भर्ती पूर्व में 2019 में ही अंतिम भर्ती रैली हुई थी। सेना भर्ती कार्यालय ने कोविड-19 की स्थितियां को सुधरता देखते हुए इस भर्ती रैली के आयोजन की तैयारी फिर से शुरू कर दी है। भर्ती कार्यालय मेरठ के अंतर्गत आने वाले सभी 13 जिलों की रैली भी इसीलिए एक साथ आयोजित की जा रही है, ताकि व्यवस्थित ढंग से रैली का आयोजन कराया जा सके और बार-बार भीड़ भी एकत्र न करनी पड़े। इससे पूर्व में सेना भर्ती कार्यालय मेरठ की ओर से 13 से 31 मई तक की गई थी, जिसे अप्रैल महीने में ही स्थिति बिगड़ते देखने के बाद में सेना मुख्यालय से ही भर्ती रैलियों को स्थगित करने के निर्देश जारी कर दिए थे। सेना भर्ती कार्यालय मेरठ के अनुसार भर्ती रैली के रजिस्ट्रेशन हुए हैं, उन्हीं के आधार पर रैली आयोजित की जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया को हराने में किसान की बेटी ने रचा इतिहास

जालंधर 02 अगस्त (वार्ता) भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार प्लेयर गुरजीत कौर ने टोक्यो ओलंपिक में नया इतिहास रच दिया है। गुरजीत कौर के गोल से भारत की महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में सबको चौंकाते हुए ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में कदम रख दिया है। जालंधर के प्रसिद्ध लायलपुर खालसा कॉलेज फॉर वूमेन की स्टूडेंट रही और अमृतसर के मियादी कलां गांव की रहने वाली 25 साल की गुरजीत के परिवार का हॉकी से कुछ लेना-देना नहीं था। गुरजीत कौर मूल रूप से अमृतसर की रहने वाली है, लेकिन खेलों का मक्का माने जाने वाले जिला जालंधर से उसका खास नाता रहा है। वह जालंधर के प्रसिद्ध लायलपुर खालसा कॉलेज फॉर वूमेन की स्टूडेंट रही है। गुरजीत कौर ने इस कॉलेज में बीए आर्ट्स में दाखिला लिया था और करीब 5 वर्षों तक कॉलेज की अकादमी में खेलती रही है। उनके पिता सतनाम सिंह के लिए तो बेटी की पढ़ाई ही सबसे पहले थी। गुरजीत और उनकी बहन प्रदीप ने शुरुआती शिक्षा गांव के पास के निजी स्कूल से ली। इसके बाद वे तरनतारन के कैरों गांव में एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ने गई। यहीं हॉकी के लिए उनका लगाव शुरू हुआ। वे लड़कियों को हॉकी खेलते देख प्रभावित हुई और उन्होंने इसमें हाथ आजमाने का फैसला किया। दोनों बहनों ने जल्द ही खेल में महारत हासिल की और छात्रवृत्ति भी पाई। इसने उन्हें मुफ्त स्कूली शिक्षा और बोर्डिंग मिला। इसके बाद गुरजीत कौर ने जालंधर के लायलपुर खालसा कॉलेज से ग्रेजुएशन की। गुरजीत ने इस कॉलेज में बीए आर्ट्स में दाखिला लिया था और करीब 5 साल तक कॉलेज की अकादमी में वे खेलती रही है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. नवजोत ने बताया कि कॉलेज को आज बहुत मान महसूस हो रहा है कि उनकी छात्रा ने ओलंपिक में देश का नाम रोशन किया है। अब वाहेगुरु से यही अरदास करते हैं कि भारतीय महिला हॉकी टीम देश के लिए गोल्ड मेडल जीते। महिला हॉकी खिलाड़ियों ने जो कर दिखाया है उससे पूरे कॉलेज में जश्न का माहौल बन गया है। कॉलेज की छात्राएं भी बहुत गर्व महसूस कर रही हैं। डॉ. नवजोत ने कहा कि गुरजीत कौर को हर समय प्रैक्टिस को लेकर जुनून रहता था और उससे कभी छुट्टी कर मैदान नहीं छोड़ा। हर समय खेल अभ्यास को ही प्राथमिकता देती रही। इसी का नतीजा है कि उसने आज टोक्यो ओलंपिक में सबको चौंकाने वाला इतिहास रच दिया है। कॉलेज के हॉकी कोच कुलबीर सिंह सैनी ने कहा कि बहुत मान महसूस हो रहा है कि उनसे कोचिंग लेने वाली गुरजीत कौर ने आज देश का नाम ओलंपिक में चमकाया है।







गणपति धाम में भगवान शिव की आरती में उपस्थित जनपद अपर जिलाधिकारी वित्त, एसपी सिटी, नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी एवं उद्यमी भीम कंसल

## करंट से युवक की मौत

जानसठ, 2 अगस्त (बु.)। नया गांव फैजाबाद में बिजली की मशीन पर चारा काटने के दौरान करंट लगने से राकेश पुत्र ओमपाल (32) की मौत हो गई। ग्राम प्रधान रोशन लाल सैनी ने बताया कि राकेश पुत्र ओमपाल सुबह दस बजे खेत से घर आया था। उसी समय पशुओं के लिए चारा काटने के लिए जैसे ही राकेश ने बिजली के मोटर को चलाने के लिए तार जोड़ने की कोशिश की, वह करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजनों ने राकेश को खतौली चिकित्सक को दिखाया, जहां से चिकित्सक ने मेरठ के लिए रैफर कर दिया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। शाम के समय राकेश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में दबोचे दो वाहन चोर

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। तितावी पुलिस ने कथित मुठभेड़ में दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर शस्त्र, चोरी की ट्रैक्टर ट्राली व बाइक बरामद करने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि तितावी पुलिस ने पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर सोमवार सुबह गश्त के दौरान पुलिस संदिग्ध बाइक सवार दो युवकों को देखकर जब उनकी ओर बढ़ी, तो उक्त युवकों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को घेराबंदी कर दबोच लिया, पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव नया गांव मीरांपुर निवासी सोनू और पोपिंद्र उर्फ पोपी हैं। आरोपियों के कब्जे से बरामद बाइक चोरी की पाई गई। उनके कब्जे से तमंचा-कारतूस और चाकू भी बरामद हुए। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों की निशानदेही पर उनके गांव में दबिश देकर चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बरामद की है। सीओ विनय गौतम ने बताया कि बरामद ट्रैक्टर ट्राली आरोपियों ने एक पखवाड़े पूर्व गांव धनसैनी निवासी साहब सिंह के घेर से चोरी की थी। वहीं, उनके पास से बरामद बाइक भी बघरा ब्लॉक से चोरी की गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने रचा इतिहास, पहली बार सेमीफाइनल में

टोक्यो, 02 अगस्त (वार्ता) भारतीय महिला हॉकी टीम ने अपने जबरदस्त डिफेंस के दम पर सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ1-0 से ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहली बार स्थान बना लिया। यह शाहरुख खान अभिनीत'चक दे इण्डियां फिल्म नहीं थी। जो कुछ आज टोक्यो में घटित हुआ वो एक सपने के हकीकत में बदलने की महान गाथा है। जिस तरह से उस फिल्म की खिताबी भिड़ंत में कोच शाहरुख खान के मार्गदर्शन में भारत ने आस्ट्रेलियाई महिला हाकी टीम को मात दी थी ठीक वैसे ही आज टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम ने तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता को स्तब्ध करते हुए इतिहास रच दिया।

## घर में घुसकर मां-बेटी को बदनीयत से दबोचा, दो दबोचे

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव आखलौर में दो युवकों ने घर में घुसकर मां बेटी के साथ बदनीयत से छेड़छाड़ की। शोर शराबे पर आये पास पड़ौस के लोगों ने एक युवक को दबोच लिया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने आरोपी की जमकर धुनाई की। आरोपियों के दूसरे सम्प्रदाय का होने के चलते ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। जानकारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ता रोहाना चौकी पहुंचे और फरार आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने भागदौड़ कर दूसरे आरोपी को भी दबोच लिया। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आखलौर निवासी एक महिला और उसकी नाबालिग पुत्री घर में बैठी हुई थी। उनके घर का मुख्य द्वार खुला था, बुलेट बाइक पर आये दूसरे सम्प्रदाय के दो युवक दरवाजा खुला देखकर उनके घर में घुस गए। आरोप है कि दोनों युवकों ने मां-बेटी के साथ बदनीयत से छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं। मां बेटी के विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ हाथापाई की। मां बेटी के शोर मचाने पर मौके पर आये ग्रामीणों ने एक आरोपी को दबोचकर उसकी जमकर धुनाई की, जबकि दूसरा बाइक वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेते हुए बुलेट बाइक को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ता रोहाना चौकी पहुंच गए और फरार आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। इस पर पुलिस टीम ने दबिश देकर फरार हुए आरोपी को भी उसके घर से दबोच लिया। इंस्पेक्टर संतोष त्यागी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी गांव कुटेसरा निवासी सालिम और अरशद हैं, जिनके खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## युवक ने जहर खाकर दी जान, युवती व विवाहिता गंभीर

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के ओम पैराडाइज में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। इसके अलावा शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला जामियानगर में भी एक युवती ने संदिग्ध हालात में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जबकि कच्ची सड़क पर एक विवाहिता की अत्यधिक मात्रा में दवाओं का सेवन करने से हालत बिगड़ गई। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के ओम पैराडाइज के फ्लैट नंबर 12 में रहने वाले 45 वर्षीय विकास कुमार पुत्र स्वर्गीय सतीश पाल ने देर रात अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरकर परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। इसके अलावा शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला जामियानगर निवासी शीबा पुत्री यासीन ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कच्ची सड़क निवासी सीमा ने अत्यधिक मात्रा में दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# श्री गणपतिधाम मंदिर में की अधिकारियों ने पूजा-अर्चना

## ❑भगवान शिव के रूद्राभिषेक के साथ किया श्रृंगार-महाआरती

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। भरतिया कालोनी स्थित श्री गणपतिधाम-खाटू श्याम मंदिर परिवार में श्रावण माह के दूसरे सोमवार को रूद्राभिषेक के साथ शिव परिवार का श्रृंगार और महाआरती का आयोजन किया गया। इस बीच कोरोना गाइडलाइंस के बीच श्रावण माह के दूसरे सोमवार को एडीएम वित्त आलोक कुमार, एसपी सिटी अर्पित विजय वर्गीय, नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह, सीओ सिटी कुलदीप कुमार, उद्यमी भीम कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, सुरेन्द्र अग्रवाल, जेपी गोयल आदि ने विद्वान पंडितों द्वारा किए वैदिक मंत्रों के बीच शिवलिंग व शिव परिवार के रूद्राभिषेक व श्रृंगार व महाआरती में भाग किया।

नई मंडी भरतिया कालोनी में श्रीगणपति धाम-खाटू श्याम मंदिर परिसर में समिति के प्रयासों से श्रावण माह में इस बार भक्ति की रसधारा बह रही है। कोरोना काल में मंदिर प्रबंधन द्वारा किए गए प्रयासों की कड़ी में शिवलिंग के रूद्राभिषेक, शिव परिवार के श्रृंगार व आरती के साथ मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन बहेगी। मंदिर में तमाम श्रद्धालुओं को सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क के प्रयोग के साथ ही जलाभिषेक के लिए पतित पावनी मां गंगा का पवित्र गंगाजल उपलब्ध कराया गया। श्रावण माह के दूसरे सोमवार को मंदिर प्रांगण में एडीएम वित्त आलोक कुमार के अलावा एसपी सिटी अर्पित विजय वर्गीय, नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह, सीओ सिटी कुलदीप कुमार, उद्यमी भीम कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, सुरेन्द्र अग्रवाल, जेपी गोयल आदि अन्य गणमान्य लोगों ने भगवान शिव के रूद्राभिषेक, श्रृंगार और महाआरती में शामिल हुए। गणपतिधाम-खाटू श्याम मंदिर के चेयरमैन भीम कंसल ने बताया कि इस बार मंदिर में गुरू पूर्णिमा से भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ सायं 5 बजे विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। वहीं अभिषेक व श्रृंगार के लिए श्रद्धालुओं की बुकिंग के साथ दिन में तीन बार पूजा-अर्चना की जा रही है, उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में श्रावण माह में प्रतिदिन ऐसे में रूद्राभिषेक के साथ भगवान शिव-महागौरी, गणेश-कार्तिकेय, नंदीश्वर का श्रृंगार व आरती का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के प्रधान अशोक गर्ग, अनिल गोयल, जेपी गोयल, अंबरीश सिंघल, कैलाश चंद ज्ञानी, सोम प्रकाश कुच्छल, विनोद राठी, रजत राठी, अंकित तायल, कुलदीप शर्मा, नरेश अग्रवाल आदि का योगदान रहा। मंदिर प्रांगण में आयोजित महाआरती में शिवमूर्ति संचालन मंडल के साधूराम गर्ग ने अपनी आवाज में आरती कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।



# सफाई निरीक्षकों का हुआ गैर जनपद तबादला

## ❑एक रिलीव, दूसरा काट रहा अभी चेयरमैन के चक्कर ❑सफाई व्यवस्था पर संकट की आशंका के कारण नहीं हो रहे रिलीव

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। पहले से ही बेपटरी हुई नगरीय क्षेत्र की सफाई को आने वाले दिनों में सफाई निरीक्षकों के हुए तबादलों का खामियाजा भुगतना पड़ जाए तो अतिश्योक्ति न होगी। सोमवार को पालिका में इस कड़ी में अब दोनों सफाई निरीक्षकों का तबादला होने पर नगर की सफाई व्यवस्था और भी अधिक प्रभावित हो जाएगी। नगरपालिका परिषद में दो सफाई निरीक्षक कार्यरत थे और दोनों का ही बीते दिनों तबादला हो गया। ऐसे हालातों में पालिका प्रशासन ने एक सफाई निरीक्षक को रिलीव कर दिया, लेकिन अब दूसरे सफाई निरीक्षक को अभी तक रिलीव नहीं किया है, जिसके कारण अब दूसरा सफाई निरीक्षक परेशान है और रिलीव के लिए अब पालिका चेयरमैन दरबार में चक्कर काट रहा है। ऐसे में यदि उक्त सफाई निरीक्षक को रिलीव कर दिया तो नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी, इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

नगर क्षेत्र को क्लीन व ग्रीन बनाने की दिशा में चेयरमैन अंजू अग्रवाल के प्रयासों को सफाई निरीक्षकों के तबादलों के बाद संकट गहराने का संदेह बढ़ा है। इस दिशा में हालांकि स्थिति में सुधार की खातिर चेयरमैन द्वारा एक सफाई निरीक्षक को रिलीव किए जाने के बाद दूसरे को अब तक रिलीव नहीं किया गया है। नगरपालिका परिषद में क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर निगरानी के साथ ही कर्मचारियों को धरातल पर काम करने की खातिर वैसे तो पालिका में दो नगर स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ एक मुख्य सफाई निरीक्षक व दो सफाई निरीक्षक तैनात हैं। इन सबके बावजूद भी पालिका क्षेत्र की अभी तक सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं आ सकी है। ऐसे हालातों के बीच पालिका में दो सफाई निरीक्षक संजय पुंडीर व उमाकांत शर्मा का नगरपालिका ने गैर जनपद के लिए तबादला हो गया है। जानकारी के अनुसार जहां एक ओर सफाई निरीक्षक संजय पुंडीर का तबादला बरेली जनपद में हुआ है, वहीं उमाकांत शर्मा को मुरादाबाद जनपद में अगली ड्यूटी के लिए परवाना मिला है। सफाई निरीक्षकों के तबादलों के बीच नगरपालिका ने संजय पुंडीर को तो रिलीव कर दिया है, लेकिन उमाकांत शर्मा को अब तक रिलीव नहीं किया है। सफाई निरीक्षक उमाकांत शर्मा को त्यौहारी सीजन के बीच नगर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए रोका गया है। बड़ी बात यह है कि अभी दोनों सफाई निरीक्षकों के स्थान पर पालिका में किसी अन्य सफाई निरीक्षक की तैनाती नहीं हुई है। अब ऐसे हालातों में शिवरात्रि पर्व के बीच में नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को देखने के पालिका प्रशासन ने सफाई निरीक्षक उमाकांत शर्मा को रिलीव नहीं किया है, जबकि उमाकांत शर्मा अपने तबादले के साथ नई तैनाती पर जाने के लिए तैयार होने के साथ रिलीव होने की खातिर चेयरमैन दरबार में चक्कर काट रहा है, लेकिन अभी तक उसे किसी तरह की राहत नहीं मिल पा रही है।

## बढ़ी राहत, नहीं मिला कोई कोरोना संक्रमित

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। जिले में बीते कई दिनों से शून्य की ओर बढ़ते संक्रमित आंकड़ों में सोमवार को भी राहत लेकर आया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट में जिले में कोरोना का कोई नया कोरोना पॉजिटिव मरीज नहीं मिला। हालांकि इस बीच में जनपद में कोरोना से किसी व्यक्ति को ठीक होने पर डिस्चार्ज भी नहीं किया जा सका। ऐसे में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या मात्र 09 ही रही है। जिले में कोरोना से अब तक 268 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सोमवार को आरटीपीसीआर से किसी व्यक्ति की जांच नहीं की गई, वहीं जिले में रैपिड एंटीजन टेस्ट, प्राइवेट लैब या अन्य जिले से कोरोना का कोई नया मरीज नहीं मिला है। उधर, जनपद में किसी संक्रमित मरीज को ठीक होने पर डिस्चार्ज भी नहीं किया जा सका। ऐसे हालातों में एक्टिव मरीजों का आंकड़ा रविवार को ज्यों का त्यों 09 ही रहा। जनपद में कोरोना से अब तक 268 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के जारी आंकड़ों में जनपद में कोरोना के अब तक 30643 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें 30366 संक्रमित मरीजों को ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब जिले में एक्टिव मरीज मात्र 9 रह गए हैं।

सोमवार को लॉकडाउन खुलने के बाद शहर में कुछ इस तरह लगा जाम, सड़क पर खड़ी गाड़ियों को ले जाती टैफिक पुलिस की गाड़ी एवं महावीर चौक से गुजरता अवैध डग्गामार वाहन।



## प्रेशर हॉर्न लगाने वालों के खिलाफ चला अभियान, दर्जनों वाहन सीज

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को मीनाक्षी चौक और जिला अस्पताल चौक पर प्रेशर हॉर्न लगाने वालों और साइलेंसर से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान दो दर्जन के करीब वाहनों को सीज किया गया। अधिकारियों के निर्देश पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर वीर अभिमन्यु के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस द्वारा प्रेशर हॉर्न और साइलेंसर से छेड़छाड़ करने वाले वाहन चालकों की धरपकड़ की गई। पहले मीनाक्षी चौक पर दुपहिया और फोर व्हीलर वाहनों को चेक किया गया। यहां पर चार बुलट और कई अन्य वाहन जब्त किए गए। दोपहर बाद जिला अस्पताल पर चैकिंग की गई। यहां भी वाहन सीज की कार्यवाही की गई। पुलिस की इस कार्यवाही से वाहनों में छेड़छाड़ कर आवाज बदलने वालों में हड़कंप मचा रहा। टीएसआई वीर अभिमन्यु ने बताया कि बाइक और फोर व्हीलर की चैकिंग की प्रकिया आगे भी जारी रहेगी।

# उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद ने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को आर्थिक सहयोग समेत लिए कई निर्णय

लखनऊ, 02 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद ने बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान करने का प्रस्ताव अनमुमोदित करने के साथ 17 अगस्त से विधानमंडल का सत्र आहुत करने समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है। मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड-19 से भिन्न अन्य कारणों से अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इस अनुमोदन में 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिन्होंने कोविड या अन्य कारणों से अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है। वह कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने के लिए शिक्षा प्राप्त कर रहे हो या नीट, जेईई, क्लैट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले अथवा जिनकी माता तलाकशुदा स्त्री या परित्यक्ता है अथवा जिनके माता-पिता या परिवार का मुख्यकर्ता जेल में है अथवा ऐसे बच्चे जिन्हें बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति/बाल वैश्यावृत्ति से मुक्त कराकर परिवार/पारिवारिक वातावरण में समायोजित कराया गया हो अथवा भिक्षावृत्ति/वैश्यावृत्ति में सम्मिलित परिवारों के बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ एक परिवार के अधिकतम उसके दो बच्चों को मिल सकेगा तथा 18 वर्ष की आयु पूरी करने के उपरान्त कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के बाद भी राजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने एवं जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षायें उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो तक इस योजना के अन्तर्गत लाभ दिया जायेगा। इस योजना के तहत पात्रता की श्रेणी में आने वाले परिवार के अधिकतम दो बच्चों को प्रतिमाह प्रति बालक/बालिका 2500 रुपये की सहायता धनराशि प्रदान की जायेगी। यह योजना शत-प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित है। योजना के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के मद्देनजर योजना में यथावश्यक संशोधन एवं परिवर्तन के लिए मुख्यमंत्री जी को प्राधिकृत किया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, कई घायल

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सहारनपुर जनपद के देवबंद थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ी मंडावर निवासी नेपाल सिंह पुत्र समय सिंह बाइक पर सवार होकर देवबंद की ओर जा रहा था। पचेंडा बाईपास पर तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। इसके अलावा गाजियाबाद निवासी यश पुत्र ललित कूकड़ा निवासी शहजाद पुत्र जमील अहमद व नूरमोहम्मद पुत्र नूरहसन, मीरांपुर निवासी रोहित पुत्र राकेश, रामपुरी निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र आत्माराम व तुषार पुत्र पंकज अलग-अलग सड़क हादसों में गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# घोषित परीक्षाफल से असंतुष्ट छात्रों ने कॉलेज प्रधानाचार्यों को ज्ञापन सौंपा



जानसठ, २ अगस्त (बु.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जानसठ नगर इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर के डीएवी इंटर कॉलेज एवं गोमती कन्या इंटर कालेज जानसठ के विद्यार्थियों के परीक्षाफल में हुई गड़बड़ी को लेकर कॉलेज प्रधानाचार्यों को ज्ञापन दिया। सोमवार को एबीवीपी के पूर्व प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कपिल कुमार ने बताया कि डीएवी इंटर कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स के कक्षा १२ के छात्र हैं। उनके कॉलेज प्रशासन की लिखित अनुमति से प्री-बोर्ड परीक्षा के बजाय एनसीसी कैंप में जाने के लिए कहा गया, लेकिन अब परीक्षाफल में गड़बड़ी आई व कुछ छात्रों का अंकों के योग में गड़बड़ी भी दर्शाई गई है। कपिल कुमार ने बताया कि उन्होंने डीएवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य से जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र से तत्काल फोन पर बात करवाई, जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्य को तत्काल रिकॉर्ड सहित तलब किया और एबीवीपी व छात्रों को समस्या निस्तारण के लिए दो दिन का समय दिया। इस मौके पर नगर मंत्री कार्तिकेय दीक्षित ने प्रधानाचार्य को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के अंदर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो एबीवीपी मुख्यमंत्री के नाम डीएम मुजफ्फरनगर को ज्ञापन सौंपकर धरना प्रदर्शन करेगी। इस अवसर नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा, अर्जुन, विनित, निखिल, गौरव, मोहित सैनी, शिवम आदि उपस्थित रहे। इसी के साथ गोमती कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं के परीक्षाफल में हुई गड़बड़ी को लेकर भी कॉलेज प्रधानाचार्या को ज्ञापन दिया, जिसमें कॉलेज प्रधानाचार्या ज्योति बाला ने बोर्ड से परीक्षाफल जल्दी ही सही कराने का आश्वासन दिया।

## शातिर पुलिस मुठभेड़ में घायल

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। आज रात शहर कोतवाली पुलिस और बदमाशों के बीच हुई कथित मुठभेड़ में एक शातिर लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। एक बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार बदमाश की तलाश में कांबिंग भी की लेकिन फरार बदमाश पुलिस के हाथ नहीं आ सका। पुलिस ने घायल बदमाश के कब्जे से देशी पिस्टल व भारी मात्रा में कारतूस के अलावा एक बगैर नम्बर की बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मुठभेड़ में घायल हुआ बदमाश शातिर लुटेरा बताया जा रहा है, जिसके विरुद्ध दो दर्जन से अधिक संगीन धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। एसएसपी ने पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि देर शाम शहर कोतवाली प्रभारी संतसेष त्यागी के निर्देशन में रोहाना चोकी इंचार्ज प्रवेश शर्मा खानपुर मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने बाइक पर आए दो संदिग्ध युवकों को रोकने प्रयास किया तो बाइक सवारों ने अचानक पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने सादपुर रोड पर बदमाशों को घेर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जबकि उसका एक साथी खेत में घुस गया। मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस के बड़े अफसर भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। घायल बदमाश को उपचार के लिये जिला अस्पताल भेजा गया और जंगल में घुसे बदमाश की तलाश में काम्बिंग की गई, लेकिन जंगल में घुसा बदमाश पुलिस के हाथ नहीं आ सका। शहर कोतवाली प्रभारी संतोष त्यागी ने बताया कि घायल बदमाश सलमान निवासी किदवईनगर है। उस पर दो दर्जन से अधिक लूट चोरी व अन्य अपराधिक मामले दर्ज हैं। घायल बदमाश से कंट्री मेड पिस्टल कारतूस व एक चोरी की बाइक बरामद हुई है। शहर कोतवाल ने बताया कि फरार बदमाश की तलाश की जा रही है। एसएसपी ने पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की है।

# अचानक गिरी दीवार की चपेट में आने से दो मासूम बच्चे घायल



भोपा, २ अगस्त (बु.)। दोपहर हुई तेज बारिश से गिरी दीवार चपेट में आकर दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए परिजनों में कोहराम मच गया। उपचार के लिए भोपा के निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया, जहां पर दोनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। भोपा थाना क्षेत्र के किशनपुर में सोमवार दोपहर को हुई तेज बारिश ने गांव में उस समय कोहराम मचा दिया, जब गली में खेल रहे दो बच्चे एक दीवार के गिरने से उसकी चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्चों की किलकारी सुन परिजनों ने किसी तरह बच्चों को मलबे के बीच से निकालकर उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी शहजाद का पुत्र अनस उम्र ८ वर्ष व शान आलम का पुत्र अर्सलान उम्र ६ वर्ष बारिश में अपने घर के बाहर गली में खेल रहे थे कि अचानक गांव के ही अफजाल के मकान की दीवार तेज आवाज के साथ जमींदोज हो गई और दोनों बच्चे दीवार की चपेट में आ गए। दीवार गिरने की तेज आवाज व बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों बच्चों को दीवार के मलबे से बाहर निकाला और दोनों बच्चों को लहूलुहान गंभीर स्थिति में देखते हुए भोपा प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, जहाँ दोनों बच्चों का उपचार जारी है।